


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 20/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 07 अगस्त 2024 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in





**सेंसेक्स में 600 अंक से ज्यादा की तेजी, 79,250 के स्तर पर कारोबार कर रहा**

सांध्यप्रकाश विशेष

## सीएम मोहन यादव से ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुलाकात, इन मुद्दों पर हुई चर्चा



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भोपाल में खास मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर चर्चा की। राज्य के विकास के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसमें उनका साथ केंद्र सरकार भी दे रही है। केंद्रीय मंत्री और गुना से भाजपा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को सीएम मोहन यादव से मिलने के लिए भोपाल के सीएम आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं की इस मुलाकात के दौरान कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की। इसमें ग्वालियर चंबल संभाग के विकास कार्य और ग्वालियर इंडस्ट्रीयल समिट को सफल बनाने के मुद्दे शामिल हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में अंबेडकर स्मारक के दूसरे चरण लिए 12 करोड़ रुपये की मंजूरी और आवंटन पर भी जोर दिया है। आम जनता के लिए इस चरण में बाबा अंबेडकर को समर्पित डिजिटल लाइब्रेरी, लाइट एंड साउंड शो एवम अनेक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। सिंधिया ने कहा इस काम को राज्य सरकार के सहयोग के साथ जल्दी ही पूरा किया जाएगा।



मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल से भोपाल में राजभवन में मुलाकात की।

## केंद्र सरकार में मप्र की एक आईएएस सहित 6 वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति, बने स्पेशल सेक्रेट्री




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1990 से लेकर 1993 बैच के 6 अधिकारियों को स्पेशल सेक्रेट्री रैंक में पदोन्नत किया है। इन अधिकारियों में मध्य प्रदेश कैडर की 1993 बैच की दीप्ति गौड़ मुखर्जी भी शामिल हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में यूपी कैडर के 1989 बैच के अधिकारी देवेश चतुर्वेदी को कृषि और किसान कल्याण विभाग में सेक्रेटरी बनाया गया है। इसी प्रकार बिहार कैडर के 1993 बैच के अधिकारी संदीप पोंड्रिक को स्टील मंत्रालय में सेक्रेटरी बनाया गया है।

## मप्र कैडर के आईएएस कार्तिकेयन बने केंद्रीय मंत्री के ओएसडी



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2012 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के आईएएसअधिकारी बक्की कार्तिकेयन केंद्रीय कोल और माइंस मंत्री जी किशन रेड्डी के प्राइवेट सेक्रेटरी नियुक्त किए गए हैं। उनकी यह नियुक्ति केंद्र सरकार में उपसचिव स्तर के अधिकारी की होगी।कार्तिकेयन की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अवधि 5 साल की रहेगी।वर्तमान में वे मध्यप्रदेश शासन में संचालक बजट हैं। इस संबंध में डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिए हैं।

## ब्रिटेन की यात्रा के दौरान भारतीय नागरिक रहें सतर्क...



लंदन। ब्रिटेन में जारी हिंसा के बीच भारत ने अपने नागरिकों को ब्रिटेन की यात्रा को लेकर एडवाइजरी जारी की है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग ने कहा है कि ब्रिटेन की यात्रा के दौरान भारतीय नागरिक सतर्क रहें। उत्तर पश्चिम इंग्लैंड के साउथपोर्ट में पिछले महीने हुई सामूहिक चाकूबाजी के बाद सप्ताहांत में देश में आयोजित अप्रवासी विरोधी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और आगजनी की कई घटनाएं दर्ज की गई हैं। लंदन में भारतीय उच्चायोग ने यूनाइटेड किंगडम जाने वाले भारतीय नागरिकों के लिए मंगलवार को एक सलाह जारी की, जिसमें उन्हें देश में यात्रा करते समय सतर्क रहने और उचित सावधानी बरतने की सलाह दी गई। उत्तर पश्चिम इंग्लैंड के साउथपोर्ट में पिछले महीने हुई सामूहिक चाकूबाजी के बाद सप्ताहांत में देश में आयोजित अप्रवासी विरोधी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और आगजनी की कई घटनाएं दर्ज की गईं। उन्होंने कहा, भारतीय यात्रियों को यूनाइटेड किंगडम के कुछ हिस्सों में हाल की गड़बड़ी के बारे में पता होगा। लंदन में भारतीय उच्चायोग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। भारत के पर्यटकों को ब्रिटेन में यात्रा करते समय सतर्क रहने और उचित सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

## राज्यपाल के पूर्व सचिव आईएएस अमृत खलको के यहां पहुंची सीबीआई, जांच जारी




**रायपुर।** सीजीपीएससी भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई टीम ने बुधवार सुबह से रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग, भिलाई, धमतरी समेत कई शहरों में छापेमारी की है। सीबीआई ने आज सुबह राज्यपाल के पूर्व सचिव आईएएस अमृत खलको, पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी और कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के निवास समेत कई स्थानों पर दबिश दी है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य पाल के पूर्व सचिव आईएस अमृत खलको के भिलाई स्थित तालपुरी कालोनी में सीबीआई की टीम पहुंची। बता दें कि क्ष्ट घोटाले मामले में सीबीआई जांच शुरू होने के बाद राज्यपाल के सचिव पद से अमृत खलको को हटा दिया गया था।

## भारत ने बांग्लादेश से वापस बुलाए कई राजनयिक, दूतावास में सामान्य तौर पर जारी रहेगा कामकाज

नई दिल्ली। भारत ने बांग्लादेश में चल रही हिंसा को देखते हुए ढाका स्थित अपने दूतावास के स्टाफ को कम कर दिया है। सूत्रों के अनुसार कई ऐसे कर्मचारियों को वापस बुलाया जा रहा है, जो बहुत जरूरी कामकाज में संलग्न नहीं थे। ये लोग अपने परिवारों के साथ वापस आ रहे हैं। हालांकि बांग्लादेश में मौजूद भारत के सभी कौंसुलेट्स में सामान्य कामकाज जारी रहेगा। बता दें कि फिलहाल बांग्लादेश में करीब 12000 भारतीय मौजूद हैं। उनसे दूतावास संपर्क में है और किसी भी तरह की मदद की जरूरत पड़ने पर उन तक सहायता पहुंचाई जा रही है।

# रेसलर विनेश फोगाट पेरिस ओलिंपिक से बाहर, तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**पेरिस।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट को तय कैटेगरी में ज्यादा वजन होने की वजह से पेरिस ओलिंपिक से बाहर होना पड़ा है। विनेश 50 किग्रा की कैटेगरी में खेलती हैं। बुधवार को उनका वजन करीब 100 ग्राम ज्यादा मिला। इसके बाद उन्हें ओलिंपिक महिला कुश्ती से अयोग्य घोषित कर दिया गया। फैसला आते ही विनेश की तबीयत बिगड़ गई, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भारतीय ओलिंपिक संघ ने विनेश के अयोग्य घोषित होने की पुष्टि कर दी है। वे बुधवार रात होने वाला 50 द्वद्व कैटेगरी की विमेंस रेसलिंग का फाइनल नहीं खेल सकेंगी। उन्हें कोई मेडल भी नहीं मिलेगा। सबसे मुश्किल बात यह है कि इस फैसले के खिलाफ अपील भी नहीं की जा सकती। विनेश पहली बार 50 किग्रा कैटेगरी में खेल रही थीं। इससे पहले वे 53 द्वद्व में खेलती थीं।

**फैसले के बाद विनेश की तबीयत बिगड़ने की खबर, अस्पताल में भर्ती:** मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ओलिंपिक से बाहर किए जाने के बाद विनेश फोगाट की तबीयत बिगड़ गई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि विनेश और उनके कोच को मंगलवार रात ही उनके ज्यादा वजन के बारे में पता चल गया था। इसके बाद विनेश पूरी रात नहीं सोई और वजन को तय कैटेगरी में लाने के लिए जॉगिंग, स्किपिंग और साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करती रहीं।

**रातभर की कोशिशों के बावजूद वजन कुछ ग्राम ज्यादा: आईओसी:** इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने कहा- बेहद खेदजनक है कि विनेश फोगट को ज्यादा वजन के कारण महिला कुश्ती के 50 किग्रा कैटेगरी में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। रातभर की कोशिशों के बावजूद सुबह उनका वजन 50 द्वद्व से कुछ ग्राम अधिक पाया गया। भारतीय दल की तरफ से इस बारे में फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी। विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध है। हम आने वाली प्रतियोगिताओं पर फोकस करना चाहेंगे।

## विनेश आप चैंपियनों में चैंपियन हैं: मोदी



समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, पीएम मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से इस मुद्दे पर चर्चा की उनसे इस मुद्दे पर प्रत्यक्ष जानकारी मांगी तथा विनेश की हार के बाद भारत के पास क्या विकल्प हैं, इस बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने विनेश के मामले में मदद के लिए सभी विकल्पों पर विचार करने को कहा। उन्होंने पीटी उषा से विनेश की मदद के लिए उनकी अयोग्यता के बारे में कड़ा विरोध दर्ज कराने की भी बात कही। विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्वीट कर फोगाट को चैंपियन बताया है। पीएम ने लिखा, विनेश आप चैंपियनों में चैंपियन हैं! आप भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज की असफलता दुख देती है। काश मैं शब्दों में उस निराशा को व्यक्त कर पाता जो मैं अनुभव कर रहा हूं। साथ ही, मैं जानता हूँ कि आप लचीलेपन की प्रतिमूर्ति हैं। चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। और मजबूत होकर वापस आओ! हम सब आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

# लोकतंत्र सेनानियों का राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

### ई-कैबिनेट को मंजूरी, बजट व्यवस्था के सुधार के लिए पीएमयू का गठन



**भोपाल।** मोहन यादव कैबिनेट ने निर्णय किया है कि लोकतंत्र सेनानियों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम संस्कार के लिए सरकार की ओर से दस हजार रुपए परिजनों को दिए जाएंगे। मोहन कैबिनेट ने इ- कैबिनेट को मंजूरी देते हुए वित्त विभाग में पीएमयू के गठन को स्वीकृति प्रदान की है।

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि अलग-अलग विभागों की कार्य आवंटन व्यवस्था में बदलाव को मंजूरी दी गई है। तकनीकी का अधिकतम उपयोग कर पारदर्शी सरकार चलाने के लिए यह बदलाव किया गया है। सरकार ने तय किया है कि ई- कैबिनेट व्यवस्था लागू होगी। इसके अंतर्गत पेपरलेस व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि ग्रीन स्टेट की ओर एमपी बढ़ रहा है, कागज का कम से कम उपयोग किया जाएगा। ई कैबिनेट के लिए ई गवर्नमेंट, ई गवर्नेंस लागू की जाएगी।

विजयवर्गीय ने कहा कि वित्त विभाग एफएमआईएस, इकोनामिक पालिसी देने के लिए काम करने वाले सिस्टम को मिलाने की व्यवस्था को मंजूरी दी गई है। प्रदेश के लिए अच्छा बजट देने की खातिर दोनों को मिलाया गया है और पीएमयू के गठन करने को मंजूरी दी गई है। इसके लिए पद सृजित किए गए हैं। इसमें एक्सपर्ट्स भी कांट्रेक्ट बेस पर रखेंगे ताकि प्रदेश का बजट अच्छा बने। सरकार के बजट के व्यवस्थापन करने के लिए ये एक्सपर्ट्स गाइड का काम करेंगे।

### आईटीआई, पालिटेक्निक में जरूरत के हिसाब से कोर्स शुरू होंगे

मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत पालिटेक्निक कालेज रीवा में ब्रांच बढ़ाई गई है। सीएम यादव ने कहा है कि प्रदेश भर में चल रहे पालिटेक्निक कालेज में संचालित कोर्स की समीक्षा की जाएगी और स्थानीय आवश्यकता के आधार पर ट्रेनिंग देने का काम पालिटेक्निक और आईटीआई में किया जाएगा।

### जेल व्यवस्था में सुधार करेंगे, नई जेलों को मंजूरी

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि कैबिनेट बैठक में जेल व्यवस्था में सुधार के लिए सांस्कृतिक और अध्यात्मिक गतिविधियों का उल्लेख सीएम यादव ने किया और कहा कि यहां अन्य एक्टिविटीज को चालू करना है। सागर जेल में किए गए प्रयोग का जिक्र इस बैठक में किया गया। जेल में तकनीकी शिक्षा देने का काम भी किया जाएगा। कुछ नई जेल बनाने का फैसला हुआ है। मैहर, बुरहानपुर में नई जेल बनाई जाएंगी। बैठक में तय किया गया कि कई गरीब कैदी हैं जिनके द्वारा मामूली शुल्क की राशि जमा नहीं होने से वे रिहा नहीं हो पाते, ऐसे कैदियों की शुल्क राशि सरकार भरेगी।

### कैबिनेट में इन बिंदुओं पर भी चर्चा

विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने घर-घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा निकालने के लिए कहा है। हर पंचायत तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। झंडे की व्यवस्था जनप्रतिनिधि और सरकार करेगी।

क्रांतिकारियों की प्रतिमाओं की सफाई कर माल्यार्पण किया जाएगा।आदिवासी, एससी-एसटी, ओबीसी छात्रावासों की सुविधाओं को अपग्रेड करने के लिए 11 आईएएस अधिकारियों की टीम को इंस्पेक्शन के लिए कहा गया है और जल्द इसमें सुधार किए जाएंगे।

### साइबर तहसील सभी जिलों में चालू होगी।

प्रदेश भर में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी। कई स्थानों पर शासन स्तर से भी कार्यक्रम करने के लिए कहा गया है। पंचायत स्तर तक रक्षाबंधन का पर्व मनाने के लिए कहा है।

## प्रदेश भर में चलेगा हर घर तिरंगा अभियान: यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि 15 अगस्त और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के दृष्टिगत आज की मंत्री परिषद की बैठक तिरंगे को समर्पित है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक गांव और वार्ड में 9 से 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी।


प्रदेश में 25000 स्थान पर 10 अगस्त को एक साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से मनाया जाएगा, और बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के 4500 छात्रावासों और आश्रमों की निगरानी के लिए सचिव स्तरीय दस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। संबंधित संभाग आयुक्त और जिला कलेक्टर इन अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने बताया कि साइबर तहसीलों में राजस्व संबंधी अन्य प्रक्रियाओं को शामिल करते हुए साइबर तहसीलों के कार्यों की परिधि को विस्तारित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने 15 अगस्त, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाकचौबंद रखने के निर्देश भी दिए।

**समत्व भवन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग:** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा समत्व भवन से हर घर तिरंगा अभियान और रक्षाबंधन पर ली गई राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मैं बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, तिरंगा संगीत कार्यक्रम ,तिरंगा कैनवास, तिरंगा सेल्फि और तिरंगा मेले जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी । सभी जिलों में देशभक्ति की भावना पर केंद्रित तिरंगा यात्राएं, दौड़/ मैराथन, बाइक- साइकिल -कार रैली भी जन भागीदारी से आयोजित होंगी। हर घर पर तिरंगा लगाने, तिरंगे के साथ डीपी लगाने के साथ ही वेबसाइटों पर तिरंगा बैनर लगाने की गतिविधियों को जन अभियान बनाया जाएगा।

**बेंगलुरू में निवेशकों से संवाद करेंगे मुख्यमंत्री :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरू में 7 और 8 अगस्त को आयोजित इंटरेक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से निवेश पर चर्चा करेंगे। वे उद्योगपतियों को स्पेस टेक्नोलॉजी, आईटी, गारमेंट क्षेत्र के लिए प्रदेश में तैयार इन्वेस्टमेंट प्लेटफार्म की जानकारी देंगे। सीएम यादव पिक्सल, दिगंतरा, गैलेक्स आई, सेटस्योर कलाइड ईओ, स्काई सर्वर जैसी कंपनियों से भी चर्चा करेंगे। इससे पहले मुंबई और कोयंबटूर में सेशन मीटिंग हो चुकी हैं।सरकार ने स्पेस टेक्नोलॉजी सेक्टर में प्रदेश में पहली बार निवेश पाने के प्रयास शुरू किए हैं।

# भोपाल और इंदौर में बनेगी मेट्रोपोलिटन अथॉरिटी, एनसीआर की तरह होगा विकास



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार अब भोपाल और इंदौर के आस-पास के क्षेत्रों को मेट्रोपोलिटन अथॉरिटी की तर्ज पर विकसित करने की योजना बना रही है। इसका उद्देश्य इन शहरों के आसपास के जिलों के विकास को उनसे जोड़ना है, ठीक जैसे दिल्ली एनसीआर में हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों को शामिल किया गया है।

इस योजना के तहत भोपाल, विदिशा, सीहोर, रायसेन, राजगढ़, शाजापुर, आगर-मालवा, होशंगाबाद और हरदा–कुल 9 जिलों को मिलाकर एक स्टेट कैपिटल रीजन का निर्माण किया जाएगा। यह प्रस्ताव 8 साल पहले भी सामने आया था। मंगलवार को नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभागीय समीक्षा के बाद कहा कि प्रमुख शहरों के विकास के साथ-साथ उनके आसपास के क्षेत्रों का भी समग्र विकास किया जाएगा। जबलपुर और ग्वालियर में जहां अभी मेट्रोपोलिटन अथॉरिटी की योजना नहीं है, वहां विशेष समितियों का गठन कर विकास कार्य किए जाएंगे।

### भोपाल में 400 करोड़ की लागत से बनेगा फायर डायरेक्टोरेट

मध्य प्रदेश में अग्निशामक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भोपाल में 400 करोड़ रुपए की लागत से फायर डायरेक्टोरेट स्थापित किया जाएगा। नगरीय विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने बताया कि अग्निशामक वाहनों में ऐसा उपकरण शामिल किया जाएगा जो संकरे रास्तों पर भी जा सके। इसके अलावा पानी के स्त्रोत बनाए जाएंगे ताकि तुरंत आग बुझाने के लिए पानी उपलब्ध हो सके। नई मशीनें और गाड़ियां भी खरीदी जाएंगी और अग्निशामक विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी।

नए फायर डायरेक्टोरेट के तहत प्रदेश की अग्निशामक सेवाओं को नियंत्रित किया जाएगा, नए अग्नि सुरक्षा नियम और निर्देश जारी किए जाएंगे, और उनका पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके अलावा नए फायर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे और हर नगरीय निकाय में एक फायर अफसर की नियुक्ति की जाएगी। बिल्डिंगों के सेफ्टी ऑडिट की भी व्यवस्था की जाएगी।

### एनसीआर क्या है

एनसीआर का पूरा नाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र है। इसमें आसपास के ग्रामीण और शहरी दोनो क्षेत्र में विकास किया जाता है। एनसीआर का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या और शहरीकरण के दबाव को कम करना और आसपास के क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना है। एनसीआर में नई दिल्ली के अलावा, दिल्ली के आसपास के क्षेत्र जैसे नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम भी शामिल हैं।

### सीएमएचओ ने स्वास्थ्य अधिकारियों और नोडल ऑफिसर्स की बैठक लेकर दिए निर्देश

# सभी औषधियां उपलब्ध रहें, बिना अनुमति अधिकारी-कर्मचारी न छोड़े मुख्यालय



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

बारिश के मौसम में स्वास्थ्य संस्थाओं के रखरखाव और पानी के भराव के कारण जल जनित मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए सी एम एच ओ द्वारा स्वास्थ्य अधिकारियों और नोडल ऑफिसर्स की बैठक ली गई। बैठक में सभी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी एवं प्रबंधन इकाई के सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक में निर्देशित किया गया कि सागर जिले के शाहपुर में हुई दुखद घटना को देखते हुए सभी स्वास्थ्यकर्मी मुख्यालय पर ही रहना सुनिश्चित करें, जिससे अप्रिय स्थिति में तुरंत उपचार मिल सके। सभी अधिकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के भ्रमण के दौरान सीपेज की स्थिति की जांच करें । छत पर पानी इकट्ठा होने के कारण सीपेज की स्थिति ना बने इसके लिए स्वास्थ्य संस्थाओं की छतों एवं आउटलेट की सफाई नियमित रूप से की जाए। आवश्यक होने पर वॉटरप्रूफिंग और बारिश के पानी को संधारित करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग की जावे । सीएमएचओ ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक औषधियों की उपलब्धता, वैक्टर बोर्न बीमारियों की आशंका वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन, अस्पतालों में बिस्तरों और उपकरणों की स्थिति का आंकलन कर तुरंत सुधारात्मक कार्य किए जाएं। इस मौसम में सर्प दंश की संभावना को देखते हुए एंटी स्नेक वीनम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यदि रोगी को आपातकालीन स्थितियों में रेफर किया जाना आवश्यक हो तो उपचार देकर ही भेजा जाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि बारिश के मौसम में स्वास्थ्य संस्थाओं के रखरखाव की मॉनिटरिंग विशेष रूप से की जा रही है। मौसमी बीमारियों के उपचार की सभी व्यवस्थाएं स्वास्थ्य संस्थाओं में सुनिश्चित की गई हैं। संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विभागीय मैदानी अमले का उन्मुखीकरण भी किया जा रहा है।

### डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से बचाने के लिए ज़िला प्रशासन, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त मुहिम

## मधुबन हाइट और प्रियंका नगर में डेंगू लार्वा मिलने पर जुर्माना

**भोपाल।** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत ज़िला प्रशासन, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन कार्रवाई की जा रही है। लार्वा सर्वे एवं विनष्टीकरण कार्य निरंतर जारी है। डेंगू-चिकनगुनिया से बचाव के लिए पानी के भराव को रोकने की समझाइश भी दी जा रही है। 6 अगस्त को लार्वा सर्वे अभियान के तहत संयुक्त दल द्वारा मधुबन हाइट, प्रियंका नगर कोलार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। सर्वे के दौरान यहां लार्वा पनपता हुआ मिलने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम को सूचना दी गई। नगर निगम द्वारा मौके पर पांच हजार रूपए का स्पॉट फाइन किया गया। पूर्व में भी इसी रहवासी कॉलोनी के भ्रमण के दौरान लार्वा पाया गया था। जिसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा नष्ट कर दिया गया था। कॉलोनी में पुन: लार्वा पाए जाने पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही कर समझाइश दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि डेंगू का लार्वा साफ पानी में पनपता है इसलिए पानी के इकट्ठा होने के स्त्रोतों की नियमित जांच जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर सर्वे कर समझाइश दी जा रही है। जागरूकता गतिविधियों के साथ स्पॉट फाइन भी निरंतर किया जावेगा। सभी नागरिकों से अपील है कि वे स्वयं अपने अपने घरों में लारवा के प्रति सजग रहें व इन्हें पनपने न दें। इस पर ध्यान न देनें की स्थिति में महामारी अधिनियम के तहत् दंडात्मक कार्यवाही की जाती रहेगी।



### सैनिकों को राखी भेजी

**भोपाल।** केसरिया हिंदू वाहिनी सनातन कल्याण समिति महिला मोर्चा मध्य प्रदेश द्वारा सैनिकों को राखी भेजी। इस अवसर पर सीमा चौरसिया (जिला अध्यक्ष), सीमा नाथ, ज्योति यादव, अनिता, नम्रता मालवीय, रति यादव, नेहा दुबे, मंजू शर्मा आदि मौजूद रहीं।

## भव्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, अभिषेक आयोजन को लेकर कार्ड का विमोचन



**संत हिरदाराम नगर।** हलालपुर स्थित खाती धर्मशाला में श्रावण मास के अवसर पर पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं अभिषेक का आयोजन 11 अगस्त को किया जा रहा है। आयोजन को लेकर जेल रोड़ स्थित गोकुल धाम में कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज वर्मा, पंडित रघुवीर चैबे की उपस्थिति में कार्ड का विमोचन किया गया। मनोज वर्मा और पंडित रघुवीर प्रसाद ने बताया कि श्रावण मास के अवसर पर 11 दिवसीय शिवलिंग निर्माण यात्रा चल रही है जिसमें जगह-जगह शिवलिंग बनाए जा रहे हैं। 11 अगस्त को खाती धर्मशाला में भव्य शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक का आयोजन होगा। जिसमें दोपहर 2 बजे से पूजन, 4 बजे से हवन, महाआरती 5 बजे से और उसके बाद प्रसादी वितरण होगा। इस मौके पर 11 दिन की यात्रा का समापन भी किया जाएगा। कार्ड विमोचन के अवसर पर पि२की दांगी, सरोज अवधीया, मिलन शर्मा, रीता जगदीश विश्वकर्मा, हेमलता शर्मा, डॉ. संजीव शुक्ला, अनीता शर्मा, वर्षा झा, रानी यादव, वंदना खत्री, स्मिता गुप्ता, मंगला मलिक, शशि गुप्ता, किरण गुप्ता, वर्षा चैबे सहिम बड़ी संख्या में श्रद्वालु मौजूद थे।

## 18002332085 पर फ़ोन लगाएं और घर बैठे शासकीय अस्पतालों में परामर्श के लिए अपाइमेंट लें



**भोपाल।** भोपाल के सरकारी अस्पतालों में परामर्श और उपचार के लिए घर बैठे ही ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा दी जा रही है। इस सुविधा के माध्यम से अब तक 11 सौ से अधिक हितग्राही लाभ ले चुके हैं । यह सुविधा आयुष्मान भारत निरामयम हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 18002332085 पर दी जा रही है। हेल्पलाइन पर फोन करके मरीज द्वारा अपने निवास स्थान या वर्तमान लोकेशन बताई जाती है। लोकेशन के आधार पर हेल्पलाइन द्वारा नजदीकी अस्पताल के विकल्पों के सुझाव दिए जाते हैं। मरीज द्वारा बताए गए अस्पताल एवं समय के अनुसार अपॉइंटमेंट सुनिश्चित किया जाता है।

आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के उद्देश्यों की दिशा में विलियम जे क्लिंटन फंडेशन के सहयोग से संचालित यह टोल फ्री सुविधा सुबह 8.00 बजे से शाम 8.00 बजे तक उपलब्ध है। इस सुविधा के तहत अस्पतालों की ओपीडी के समय पर मरीज अपनी सुविधा को देखते हुए अपॉइंटमेंट ले सकता है। अपॉइंटमेंट के निर्धारित समय पर अस्पताल पहुंचकर चिकित्सक से परामर्श लिया जा सकता है। इस नंबर पर फोन करके आभा आई डी भी बनवाई जा सकती है। हितग्राही अपना आधार कार्ड नंबर और आधार लिंक मोबाइल नंबर बताकर आसानी से आभा आई डी बनवा सकेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इस सुविधा से जिला चिकित्सालय सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में अपॉइंटमेंट लिया जा सकता है। इन अस्पतालों में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेकर ओपीडी के निर्धारित समय पर पहुंचकर परामर्श एवं उपचार लिया जा सकता है। यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क है और इससे मरीज के समय की भी बचत हो रही है।

### भोपाल पुलिस कमिश्नरेट का स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम 2024-25 का उद्घाटन

भोपाल। पुलिस कमिश्नरेट ने पुलिस मुख्यालय की सामुदायिक पुलिसिंग शाखा के सहयोग से संचालित पुलिस स्टूडेंट इंटर्नशिप कार्यक्रम 2023-24 का सफलतापूर्वक समापन किया। इस अवसर पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 169 छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। साथ ही, पुलिस इंटर्नशिप कार्यक्रम 2024-25 का शुभारंभ भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एस. सुर्य प्रकाश (वाइस चांसलर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी) और विशिष्ट अतिथि पुलिस आयुक्त (भोपाल) हरिनारायणाचारी मिश्र, डीआईजी (कम्युनिटी पुलिसिंग) डॉ. विनीत कपूर, डीसीपी अखिल पटेल, डीपीसी श्रीमती प्रियंका शुक्ला, प्रोफेसर डॉ. यूपी सिंह, रजिस्ट्रार विवेक बैक्सी, एआईजी कम्युनिटी पुलिसिंग अमृत मीणा, अति. पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, सहायक पुलिस आयुक्त निधी सक्सेना, और शहर के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण और छात्रगण उपस्थित रहे। पुलिस स्टूडेंट इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत छात्रों को आईटी आधारित अपराध, प्रशिक्षण और विश्लेषण, सायबर सुरक्षा, महिला और बाल सुरक्षा, ट्रेफिक सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और जागरूकता जैसे 12 महत्वपूर्ण विषयों पर इंटर्नशिप का मौका मिलता है।

### वरिष्ठ समाजसेवी तनु जैन महिला उन्नति संस्था मध्यप्रदेश की अध्यक्ष नियुक्त



**संत हिरदाराम नगर।** भोपाल लालघाटी निवासी वरिष्ठ समाजसेवी तनु जैन को महिला उन्नति संस्था का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। तनु जैन की समाज एवं मनावता के प्रति सच्ची लगन, निष्ठा और सेवाभाव को देखते हुए संस्था ने अध्यक्ष बनाया है। यह नियुक्ति मुख्य संरक्षक इंदु गोयल, संरक्षक डॉ. वीरेंद्र पाल सिंह राणा, राष्ट्रीय संयोजक उर्मिला भारद्ववाज, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार भाटी ने दी है। इस अवसर पर तनु जैन ने कहा कि मुझे जो भी दायित्व दिया गया है उसका मैं श्रद्वा से निर्वाहन करूंगी और समाज एवं मानव कल्याण हेतु किए जाने वाले प्रयत्न पूरी निष्ठा के साथ, लगन के साथ समाज को जागरूक करने में पूर्ण सहयोग करूंगी। इस अवसर पर कई लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### वायरल संक्रमण का अधिक जोखिमः डॉ. हरीश पाठक

**भोपाल।** मानसून चिलचिलाती गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन श्वसन स्वास्थ्य के लिए यह एक बड़ी चुनौती लेकर भी आता है। बढ़ी हुई आर्द्रता और नमी से फेफड़ों की स्थिति खराब हो सकती है, इसलिए इस मौसम में एहतियाती उपाय करना बहुत ज़रूरी है।[1] इस बात को ध्यान में रखते हुए सक्रिय रोगी देखभाल के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप, सिप्ला की व्यापक रोगी सहायता पहल - ब्रीथफ्री ने अपनी मानसून यात्रा शुरू की। इसका उद्देश्यलोगों को उनकी श्वसन स्वास्थ्य स्थिति को समझने में मदद करना है। इसलिये यह यात्रा अस्थमा और सीओपीडी (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) जैसी फेफड़ों की पुरानी बीमारियों के लिए जांच तक पहुंच बढ़ाती है। तीन महीनों के दौरान, देश भर में 4,000 से अधिक शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 350,000 से अधिक लोगों की जांच की जाएगी। डॉ. हरीश पाठक, पल्मोनोलॉजिस्ट, भोपाल जोर देकर कहते हैं, मानसून कई ट्रिगर्स लेकर आता है, जिसमें बढ़ी हुई नमी, फफूंद, ठंडी हवा और वायरल संक्रमण का अधिक जोखिम शामिल है। हालांकि, ये कारक किसी भी व्यक्ति के श्वसन स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन वे पहले से मौजूद श्वसन संबंधी बीमारियों वाले व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करते हैं।

### निहारिका नागर ने दिल्ली में आयोजित कराते चैम्पियनशिप में हासिल किया स्वर्ण पदक



**भोपाल।** गांधीनगर के लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. स्कूल की छात्रा निहारिका नागर ने ऑल इण्डिया इन्डीपेन्डेन्स चैम्पीयनशिप पर दिल्ली में आयोजित कराते चैम्पियनशिप में हासिल किया। स्वर्ण पदक परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ के कुशल मार्गदर्शन में संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा.विद्यालय की छात्रा निहारिका नागर ने ऑल इण्डिया इन्डीपेन्डेन्स चैम्पीयनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की कोच भावना यादव के कुशल मार्गदर्शन में कक्षा नवीं की छात्रा निहारिका नागर ने दिल्ली में हुए 1 से 4 अगस्त तक चले नेशनल टूर्नामेंट में अलग-अलग राज्यों से आए खिलाड़ियों जिसमें आर्मी और पुलिस विभाग से आए प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों को पछाड़ कर गोल्ड मेडल हासिल किया। टूर्नामेंट में 15 राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन किया जिसमें 14 वर्षीय निहारिका ने 4 बाउट (फाईट) में सबको पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# मीना समाज सेवा संगठन ने किया वन एवं पर्यावरण मंत्री रावत का सम्मान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश मीना समाज सेवा संगठन के तत्वाधान में संगठन के संरक्षक एवं मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत का सम्मान संगठन के छात्रावास मीना भवन 11 मील पर आज संपन्न हुआ। इसके पूर्व शिव शक्ति मंदिर भारत माता चौराहा दद्दू। के मंदिर पर श्री रावत का उस माला से स्वागत किया एवं। फलों से तोला गया तत्पश्चात शिव शक्ति मंदिर से एक विशाल वाहन रैली प्रारंभ हुई जो 4 इमली होते हुए 11वां मिल मीना भवन पर समाप्त हुई तत्पश्चात। मीना भवन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रदेश संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री लालाराम मीणा मिनेश कल्याण बोर्ड प्रदेश संगठन महामंत्री एडवोकेट संतोष मीना प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलेन्द्र सिंह मारण महामंत्री गण भगवान सिंह मीना बीएल। रावत मानसिंह रावत जिला पंचायत अध्यक्ष रायसेन ब्लू मीना। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लखन सिंह मीना इंदौर से सतनारायण मीना। खरगोन से आनंद राम मीणा उज्जैन से घनश्याम मीना रतलाम से मुनेश मीना। गोपाल सिंह मीना, कमल मीणा, सेरु मीना, बिमल सिंह मारण, हरीश मारण, अशोक सम्राट, अशोक मुमार्कपुर। खंडवा से संतोष मीणा, रायसेन से मलखान सिंह दीवान सिंह वीरेंद्र सिंह मीणा भोपाल। नेपाल सिंह मीना राजेश मीना राम गोपाल रसूल्या अशोक चांदपुर। सरपंच बबलेश मीना। सरपंच दशरथ मीना आदि लगभग तीन हजार समाज बंधु उपस्थित थे

## मानसरोवर में पांच दिवसीय चरक जयंती महोत्सव का शुभारंभ



**भोपाल ।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, विश्व आयुर्वेद परिषद् एवम आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय चरक जयंती महोत्सव का शुभारम्भ सोमवार को किया गया। इस दौरान मानसरोवर ग्रुप के आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में चित्रकला, श्लोक वाचन, भाषण, साँस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आचार्य चरक जी की जयंती 9 अगस्त को है, इस उपलक्ष्य मे चरक संहिता का अखंड पाठ भी किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस में श्री साई इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एवम मेडिकल कॉलेज के संहिता सिद्धांत विभाग में देव वैद्य आचार्य धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण आदरणीय आयुर्वेद संचालक प्रो. बाबुल ताम्रकार , मानसरोवर आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के प्राचार्य प्रो.अनुराग सिंह राजपूत एवं तीनों आयुर्वेद महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा किया गया । तीनों महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों एवं छात्रों की उपस्थिति में चरक प्रतिमा का पूजन किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्तिथि एवम सक्रिय भागीदारी रही । प्रथम दिवस में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में तीनों महाविद्यालय के 80 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. रचना जैन, डॉ. प्रदीप अढाव और डॉ. अमिता शर्मा रहे। वहीं दूसरे दिन तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजना किया गया।

## आरिफ मसूद फैन्स क्लब मनाएगा जश्ने आज़ादी पखवाड़ा



**भोपाल।** विधायक आरिफ मसूद ने पत्रकारवार्ता में चर्चा करते हुए बताया की आरिफ मसूद फैन्स क्लब द्वारा लगातार 12 वर्षों से जश्ने आज़ादी का पखवाड़ा मनाया जा रहा है इस वर्ष भी यह कार्यक्रम 7 अगस्त से प्रारम्भ होकर 14 अगस्त तक विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें 05 वी से 12 वीं के छात्र इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे एवं हिन्दुस्तान की आज़ादी में "उलामा की कुर्बानी" के विषय पर अपने विचार रखेंगे, इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को समापन अवसर पर नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी वितरण किया जाएगा। पत्रकारवार्ता में फैन्स क्लब अध्यक्ष अब्दुल नफीस एवं क़ाज़ी अज़मत शाह मक्की भी उपस्थित हुए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए आरिफ मसूद जी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जंगे आज़ादी में भाग लेने वाले मुस्लिम शहीद उलामा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम तारीख़ के पन्नों से सोची समझी साजिश के तहत हटाए जा रहे हैं आने वाली नस्लों में मुसलमानों के लिए नफरत पैदा की जा रही है इस नफरत को मिटाने के लिए और मुल्क में अमन और भाईचारा बनाए रखने के लिए आने वाली नस्लों को इस पखवाड़े के माध्यम से हमारी कोशिश है कि बच्चों में जंगे आज़ादी में शहीद हुए लाखों मुस्लिम धर्मगुरूओं ने अपनी जान की कुर्बानी देकर हमें अंग्रेज़ों से आज़ादी दिलाई है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के सुनहरे इतिहास को सबके सामने लाया जाए और इस आज़ादी की लड़ाई में मदरसों के तलबा और उलेमाए दीन की कुर्बानियों को याद किया जाए आरिफ मसूद फैन्स क्लब की कोशिश है कि हम अपने मुस्लिम धर्मगुरूओं की कुर्बानी को याद रखें और आने वाली नस्लों को इसके बारे में बताएं इसी मक़सद के तहत हम गत 12 वर्षों से जंगे आज़ादी के पखवाड़े का आयोजन कर रहे हैं ताकी हमारे मार्डन ज़माने की नस्लों को यह पता चले की हिन्दुस्तान की आज़ादी हमारे उलमा की कुर्बानी के बदले हमें मिली है। कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा 07 अगस्त क़ाज़ी कैम्प रहीम मार्किट, 08 अगस्त रेतघॉट कमलापार्क चौराहा, 09 अगस्त शब्बन चौराहा जहॉगीराबाद, 10 अगस्त लक्ष्मी टॉकीज गेट के पास, 11 अगस्त मस्जिद गौरियान बरखेड़ी, 12 अगस्त छावनी पोस्ट ऑफिस 13, अगस्त बुधवारा चारबत्ती चौराहा, 14 अगस्त जिंसी धर्मकांटा पर समापनर किया जाएगा और विभिन्न चौराहों पर भाग लेने वाले सभी फस्ट, सेकण्ड और थर्ड आने वाले बच्चों सहित उन सभी भाग लेने वाले बच्चों को जिन्होने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी है उनको भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# जल्द मिलेंगे प्रदेश के जिलों को प्रभारी मंत्री, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिर की घोषणा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश की मोहन सरकार को करीब सात महीने हो चुके हैं लेकिन जिलों को अभी तक प्रभारी मंत्री नहीं मिले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस बात की कई बार घोषणा कर चुके हैं कि जल्द ही प्रभारी मंत्रियों की घोषणा कर देंगे लेकिन अभी तक यह घोषणा सिर्फ सीएम यादव तक ही सीमित है। मंगलवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान एक बार फिर सीएम यादव ने ऐलान करते हुए कहा है कि 15 अगस्त को सभी जिलों में प्रभारी मंत्री ही ध्वजा रोहण करेंगे। सीएम की इस घोषणा के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि आज होने वाली कैबिनेट बैठक में अंतिम बार मंत्रियों से उनके पंसद के जिले पूछे जाएंगे। हांलाकि खबर यह भी है कि लिष्ट तैयार हो चुकी है किस मंत्री को कौन सा जिला दिया जाना है लेकिन किसी भी प्रकार से विवाद से बचने के लिए सीएम यादव एक बार फिर मंत्रियों से उनकी पंसद के जिलों की बात करेंग। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बड़े कद्दावर मंत्रियों ने अपनी पसंद के जिलों की मांग की थी जिसके कारण अभी तक मंत्रियों को प्रभार वाले जिले आवंटित नहीं किए गए थे लेकिन 15 अगस्त निकट होने के कारण अब माना जा रहा है कि कैबिनेट बैठक में सूची को अंतिम रुप देकर उसे सार्वजनिक कर दिया जाएगा।



# मां का दूध शिशु की सुरक्षा का पहला टीका : उप-मुख्यमंत्री शुक्ल

## मीडिया प्रतिनिधियों से स्तनपान की जागरूकता के लिए सहयोग का किया आह्वान



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि माँ का दूध शिशु की सुरक्षा का पहला टीका है। यह शिशु के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आवश्यक पोषक तत्व से परिपूर्ण होता है साथ ही शिशु में रोग-प्रतिरोधक क्षमता के विकास में सहायक है। उन्होंने एनएचएम कार्यालय में स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता लाने के लिए सतत प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सही समय में और उचित अवधि तक स्तनपान शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में सहायक होगा। उप-मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों से स्तनपान के प्रति जागरूकता लाने के लिए सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि जन्म के 1 घंटे के भीतर नवजात शिशु को स्तनपान प्रारंभ कराना सुनिश्चित कराया जाये। नवजात शिशु जन्म से पहले छः माह तक केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए। इसके बाद ही संपूरक आहार की शुरूआत की जानी चाहिये। शिशु के 2 वर्ष होने तक स्तनपान जारी रखना चाहिये। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2020-21) अनुसार जन्म के 1 घंटे के भीतर स्तनपान की शुरूआत 41.3 प्रतिशत प्रतिवेदित हुई है। जो कि एनएफएचएस-4 (2015-16) की तुलना में 6.9 प्रतिशत अधिक है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश, 10 राज्यों में से एक है जिसमें उक्त सूचकांक में वृद्धि परिलक्षित हुई है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि भोपाल के जयप्रकाश अस्पताल एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल में मानव दुग्ध बैंक (सीएलएमसी) संचालित है। इसके माध्यम से गर्भवती एवं धात्री माताओं को समुचित स्तनपान के लिए सहयोग प्रदाय किया जाता है एवं माताओं को दुग्ध दान हेतु प्रेरित किया जाता है। यह संग्रहित मानव दुग्ध, अस्पताल में भर्ती अत्यधिक कम वजन / प्रीमैच्युर एवं चिकित्सकीय जटिल नवजातों/अनाथ भर्ती शिशुओं के उपयोग में लाया जाता है। आगामी समय में मानव दुग्ध बैंक का चरणबद्ध रूप से प्रदेश में विस्तार किया जाएगा। एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि स्तनपान के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। दस्तक अभियान में मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के परिवारजनों को स्तनपान संबंधी व्यवहारों पर परामर्श दिया जा रहा है।

# बैंक के स्थान पर एनआईसी के सॉफ्टवेयर के उपयोग से आपूर्ति निगम को होगी करोड़ों की बचत

## खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश पर विभाग में एक और नवाचार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सॉफ्टवेयर के स्थान पर एनआईसी द्वारा तैयार किये गए सॉफ्टवेयर का उपयोग करने पर निगम को करोड़ो रूपये की बचत होगी। गौरतलब है कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिये हर जरूरी उपाय करें। इसी तारतम्य में निगम द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा उपलब्ध कराये गये सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिलों के द्वारा प्रेषित धन मांग-पत्र एवं उनको राशि उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता था। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिलों को राशि उपलब्ध कराने की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने में जहां एक ओर अत्याधिक समय लगता था वहीं दूसरी ओर बैंक के खातों में राशि रखने के कारण उस पर ब्याज के रूप में निगम को अनावश्यक वित्तीय भार वहन करना पड़ता था। प्रबंध संचालक



मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम पी.एन. यादव ने बताया है कि विभागीय मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश एवं प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी के मार्गदर्शन से इस समस्या का समाधान एनआईसी के द्वारा विकसित किये गये ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया गया है। इसके कारण जिलों की मांग एवं उन्हें राशि उपलब्ध कराने की संपूर्ण प्रक्रिया में लगने वाले समय में काफी कमी आई है। साथ ही जिला स्तर पर अनावश्यक राशि रखने के कारण होने वाले ब्याज के व्ययभार से बचत की स्थिति निर्मित हुई है। अन्य संसाधनों की भी बचत हुई है। एनआईसी के द्वारा विकसित किया गया साफ्टवेयर ओटीपी आधारित होने के कारण ज्यादा सुरक्षित है। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिलों द्वारा की जा रही मांग को नियंत्रित करने के लिये विभिन्न राइडर्स लगाये गये हैं। विभिन्न कार्यालयीन व्यय जैसे टैक्सी किराया, स्टेशनरी, टेलीफोन, कम्प्यूटर रख-रखाय व्यय एवं विभिन्न आकस्मिक व्यय पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है। निगम द्वारा किये गये इन बदलावों से करोड़ो रूपये की वार्षिक बचत होना संभावित है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने में वैश्विक समाजसेवी संस्थाओं और एनजीओ के अनुभव सहयोगी: उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने एनएचएम भवन में सरकार के साथ कार्य कर रहे विभिन्न डेवलपमेंट पार्टनर्स, एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ वृहद् चर्चा की। उन्होंने विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रदेश में की जा रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हम सभी को मिलकर मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य संकेतकों में शीर्ष में ले जाना है। उन्होंने विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए सुझाव प्राप्त किए और कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त कर स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए प्राप्त सुझावों पर तत्परता से कार्य किए जाएँगे। उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग और योजनाओं के निर्धारण और क्रियान्वयन की मैदानी समस्याओं का उचित निराकरण करने में यह सुझाव उपयोगी होंगे।

# स्लीमनाबाद टनल का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करें: उप-मुख्यमंत्री शुक्ल



**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में स्लीमनाबाद टनल निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने और आवश्यक सावधानियों का पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आवासीय क्षेत्र के नीचे टनल निर्माण करते हुए विशेष सावधानी बरती जाये। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्लीमनाबाद टनल निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई थी। बरगी व्यपवर्तन परियोजना प्रोजेक्ट से जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना और रीवा सहित आसपास के जिलों के कृषकों को सिंचाई और ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। औद्योगिक इकाइयों को भी नहर प्रणाली के माध्यम से जल आपूर्ति होगी। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, प्रमुख सचिव वित्त मनीष सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**भोपाल।** झीलों की नगरी भोपाल में राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह बाल्मीकि का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें कुछ नव नियुक्तियां भी की गई जिसमें राष्ट्रीय सचिव के पद पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र बिलार वन को नियुक्त किया गया प्रदेश अध्यक्ष के पद पर महावीर सिंह को नियुक्त किया गया। प्रदेश प्रभारी के पद पर दिनेश करोसिया को नियुक्त किया गया। प्रदेश कार्यभार अध्यक्ष के पद पर राजेश लोहट को नियुक्त किया गया। इस उपलक्ष में राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए। जिसमें उपस्थित उज्जैन संभाग के अध्यक्ष पूनम गौसर, भोपाल संभाग के कार्यभार अध्यक्ष नीरज मारोठिया, इंदौर संभाग के प्रभारी एवं धार जिला अध्यक्ष बलराम चावरे, देवास जिले के अध्यक्ष यशवंत करोसिया, आगर जिला प्रभारी राजेंद्र गोसर, आगर जिला अध्यक्ष मनीष रनवा भोपाल जिला सचिव अतुल हरेले सुनील सरसवाल जी पीपलरावा जिला देवास के नगर अध्यक्ष सतीश डुमाने जी और भोपाल संभाग की टीम कमलेश चौहान राकेश संकट जी रवि मैना बाबूलाल लोहाट, जगदीश नरबारे, मनोज नहारिय, दिशांत करोसिया, पवन गुर्जर, अर्जुन चौहान, अर्जुन धौलपुरिया, नीरज करोसिया एवं समस्त पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए।



# हीमोग्लबिनोपैथी मिशन और एम्बुलेंस सेवा व्यवस्था की उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा की




**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने एनएचएम कार्यालय में प्रदेश में हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन की गतिविधियों और एम्बुलेंस सेवा के संचालन की समीक्षा की। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सिकल सेल अनीमिया के उन्मूलन के लिए नागरिकों को सावधानियों के प्रति जागरूक और सजग होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिये कि सिकल सेल रोगियों एवं वल्नरेबल क्षेत्र के नागरिकों के बचाव एवं उपचार के लिए संचालित जागरूकता गतिविधियों का मैदानी स्तर पर मूल्यांकन करें। यह सुनिश्चित करें कि प्रभावित क्षेत्र का हर नागरिक उसे समझे और आत्मसात करे। ताकि सिकल सेल अनीमिया को जड़ से समाप्त किया जा सके। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को अवगत कराया गया कि वर्तमान में प्रदेश के 33 ज़िलों में सिकल मरीज़ों की स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। 59 लाख से अधिक नागरिकों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें 1 लाख 34 हज़ार नागरिक सिकल सेल वाहक और 20 हज़ार 526 सिकल सेल अनीमिया के मरीज़ पाये गये हैं। 32 लाख 37 हज़ार 842 व्यक्तियों को सिकल सेल कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। मरीजों के उपचार एवं प्रबंधन के लिए चिह्नांकित जिलों में 6 से 10 बिस्तरीय एकीकृत उपचार केंद्र स्थापित कर मरीजों को प्रबंधन एवं उपचार के साथ हाइड्रॉक्सीयूरिया, फोलिक एसिड दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। एकीकृत उपचार केन्द्रों में निःशुल्क एवं रिप्लेसमेंट फ्री एवं सुरक्षित रक्त की सुविधा है। वर्ष 2024-25 में सिकल सेल मरीजों को लगभग 9 लाख 22 हज़ार 500 हाइडॉक्सीयूरिया का वितरण एवं 3 हज़ार 37 यूनिट निःशुल्क रक्ताधान किया गया है।

# समय पर लिया गया सही निर्णय दे सकता है नया जीवन: प्रो. अजय सिंह

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



आपातकालीन अवस्थार में लिया गया एक सही निर्णय व्यनक्ति को नया जीवन दे सकता है-ये बातें एम्सय भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह ने मंगलवार को पैरामेडिकल स्टोंफ के लिए नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट कोर्स के उद्घाटन अवसर पर कहीं। प्रो. सिंह ने कहा कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में सबसे पहले कोशिश करें कि मरीज को अधिकतम आरामदायक स्थिति में लायें। दुर्घटना स्थशल से अस्पोताल तक पहुँचने का समय सबसे महत्व पूर्ण होता है। इस दौरान अगर सही तरीके से मरीज का प्रबंधन किया जाए तो उसका जीवन बचाया जा सकता है।

इस अवसर पर विश्व। स्वा स्य संगठन सहयोग केंद्र के निदेशक एवं एम्स नई दिल्लीर इमरजेंसी सेंटर के प्रो. संजीव भोई ने कहा कि देश में हर 4 मिनट में एक्सीीडेंट से एक जान चली जाती है ऐसे में पैरामेडिक की भूमिका बहुत अहम होती है और एक प्रशिक्षित पैरामेडिक स्टौंफ इमरजेंसी में मरीज को प्राथमिक इलाज देकर उसके जीवन की रक्षा कर सकता है। प्रो. भोई ने बताया कि देश भर में ऐसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिससे एक कुशल और प्रशिक्षित कार्यबल तैयार हो सके जो इमरजेंसी की स्थिति में मरीज का बेहतर तरीके से प्रबंधन करे और मरीज के अस्साल पहुँचने से पहले उसकी उपयुक्तत देखभाल कर असामायिक मृत्युय से बचा सके।

इससे पूर्व ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग के प्रमुख डॉ यूनुस ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एम्सस भोपाल के अतिरिक्त मध्य प्रदेश के अन्यर स्वाास्य्गल केंद्रों के 24 पैरामेडिक्सो भाग ले रहे हैं जो आगे चलकर

# एम्स में दुर्लभ रोग सहायता केंद्र का उद्घाटन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह ने नियोनेटोलॉजी और बाल रोग ओपीडी में दुर्लभ रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए एक समर्पित हेल्पर डेस्क आस्थाप का उद्घाटन मंगलवार को किया। इस अवसर पर प्रो. सिंह ने कहा कि एम्स भोपाल में दुर्लभ रोग सहायता केंद्र का उद्घाटन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह केंद्र उन लोगों के लिए आशा की किरण है जो दुर्लभ बीमारियों से जूझ रहे हैं। इस पहल से न केवल मरीजों को चिकित्सा सुविधा मिलने में आसानी होगी, बल्कि उन्हें आवश्यक संबल और जानकारी भी प्राप्त होगी। मैं फाइज़र और डॉक्टर्स फॉर यू को इस सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। एम्स भोपाल हमेशा से ही रोगियों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहा है और यह केंद्र हमारे इस संकल्प को और मजबूती प्रदान करता है। यह पहल फाइज़र की सीएसआर पहल के तहत आयोजित की गई और डॉक्टर्स फॉर यू द्वारा क्रियान्वित की गई। कार्यक्रम के दौरान, दुर्लभ रोगों के मरीजों को इलाज में मिलने वाली चुनौतियों और इस केंद्र के माध्यम से मिलने वाले समाधानों पर प्रकाश डाला। फाइज़र और डॉक्टर्स फॉर यू के प्रतिनिधियों ने अपने संगठनों की इस पहल के महत्व पर जोर दिया। एम्स भोपाल के अधिकारियों ने भी इस केंद्र के माध्यम से मरीजों को मिलने वाली बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा की। हेल्पडेस्क टीम मरीजों को आवश्यक सेवा के लिए अस्पताल में आने-जाने में मदद करेगी। कागजी कार्रवाई से संबंधित औपचारिकताओं को पूरा करने में उनका मार्गदर्शन और दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को आवश्यकतानुसार यात्रा और आवास की सुविधा खोजने में सहायता करेगी। इस हेल्पडेस्क का उद्देश्य मरीजों और देखभाल करने वालों के बीच की खाई को पाटना और पात्र मरीजों को दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने में मदद करना है, जैसा कि राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति के तहत अनुमोदित है, जिसके लिए संस्थान को स्वास्य्सा एवं परिवार कल्याहण मंत्रालय, भारत सरकार से 3 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है।



## स्तनपान सप्ताह पर विशेष प्रश्नोत्तरी का आयोजन



एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग के अंतर्गत संचालित स्मार्ट यूनिट में स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को माताओं के बीच एक विशेष प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्मार्ट यूनिट और इंडियन अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सहयोग से मनाया गया। इस अवसर पर एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह, ने कहा स्तनपान एक बच्चे के जीवन की सर्वोत्तम शुरुआत है। मुझे खुशी है कि एम्स भोपाल इस महत्वपूर्ण विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्तनपान सप्ताह के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी जैसी पहलें माताओं को सही जानकारी प्रदान करने में मदद करती हैं। बाल रोग विभाग की प्रमुख डॉ. शिखा मलिक ने कहा, स्तनपान सप्ताह माताओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें स्तनपान के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभों के बारे में शिक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

## सम्पादकीय

# विनेश..जंतर मंतर से पेरिस ओलंपिक के फाइनल तक

एक दिन में कुश्ती के 3 मुकाबले, तीनों में ऐसी जीत कि दुनिया हैरत करने लगी। सोचने लगी कि ये वही विनेश फोगाट है, जो 2016 रियो ओलिंपिक में रोते हुए मैच से बाहर निकली थीं? ये वही विनेश है, जिसे 2020 टोक्यो ओलिंपिक में हार के बाद खोटा सिक्का कहा गया? क्या ये वही पहलवान है, जिसे डॉक्टर्स ने बोल दिया था– अब कुश्ती छोड़ दो? और, क्या यही विनेश है, जिसने व्यवस्था के खिलाफ जंतर मंतर पर धरना दिया था और लड़कियों के लिए आवाज उठाई थी?

विनेश पेरिस ओलिंपिक में अब गोल्ड के लिए दांव लगाएंगी। दुनिया ने एक दिन में 3 मैच जीतने वाली विनेश की लड़ाई देखी, लेकिन ये एक जंग है, जो 8 साल पहले शुरू हुई। विनेश फोगाट के भाई हरविंदर कहते हैं, विनेश बचपन से ही लड़ रही है पर कभी हार नहीं मानी। 2016 में चोट लगने के बावजूद एक पल नहीं रुकी। लड़ती ही रही।

पेरिस में प्री–क्वार्टर फाइनल राउंड में विनेश के सामने दुनिया की नंबर–1 रेसलर युई सुसाकी की चुनौती थी। सुसाकी चार बार की वर्ल्ड चैंपियन हैं और टोक्यो ओलिंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट भी। सबसे अहम बात सुसाकी ने अब तक के अपने सभी 82 इंटरनेशनल मुकाबलों में एक भी मैच नहीं गंवाया था। उनसे पार–पाना कठिन था। ऐसे में विनेश ने सुसाकी को उन्हीं के पैंतरे से मात दे दी।




सुसाकी रेसलिंग के टेक–डाउन पैंतरे की स्पेशलिस्ट हैं। सुसाकी ने विनेश के खिलाफ भी इसी का इस्तेमाल किया। हालांकि, उनका दांव उल्टा पड़ गया, क्योंकि विनेश ने भी इसी पैंतरे का इस्तेमाल कर लीड ले ली और 3–2 से जीत हासिल की।

एक समय वो भी देखा। रियो ओलिंपिक के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में ढ़ोल–नगाड़ों के साथ मेडल जीतने वाली पीवी सिंधु और साक्षी मलिक का स्वागत हो रहा था। वहीं, दूसरे गेट से रुआंसी विनेश फोगाट व्हीलचेहर पर बाहर आ रही थी। रियो में मेडल का सपना टूटने के बाद विनेश ने हार नहीं मानी। 2017 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप से वापसी की, लेकिन इस बार वेट कैटेगरी नई थी। अब विनेश 50 किग्रा में खेलने लगी थीं। 2018 के सीजन में विनेश का दबदबा रहा। उन्होंने एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीते। वे एशियाड में कुश्ती का गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। डिप्रेशन और प्रतिबंध के बाद भी विनेश ने हार नहीं मानी। पहलवानों के धरने के बीच प्रैक्टिस करती रहीं और 20 अप्रैल को पेरिस ओलिंपिक के क्वालिफिकेशन इवेंट में 50 किग्रा कैटेगरी में कोटा हासिल किया।

ओलंपिक पदक पक्का करने का अपना सपना पूरा करने से महीनो पहले विनेश फोगाट व्यवस्था से नाराज थी। लेकिन धमकी, पुलिस हिरासत, प्रदर्शन की अगुवाई करने को लेकर हुई आलोचना भी उनका हौसला डिगा नहीं सकी। कुश्ती को लड़कों का खेल मानने वाले गांव के लोगों के विरोध का सामना करने से लेकर नौ वर्ष की उम्र में अपने पिता को खोने, रसूखदार खेल प्रशासकों से लोहा लेने तक विनेश ने कई चुनौतियों का सामना किया ।

हरियाणा की इस धाकड़ का पेरिस तक का सफर आसान नहीं रहा और बहुत कुछ दांव पर था। उसने हालात के आगे घुटने टेकने की बजाय लड़ने का रास्ता चुना और इतिहास रच डाला। मैट के ऊपर और उससे बाहर उन्होंने जिस तरह से चुनौतियों का सामना किया, वह एक नजीर बनकर उभरी हैं। जो कुछ हुआ, उसे लेकर अवसाद में जाने की बजाय उन्होंने डटकर सामना किया और जीवट और जुझारूपन की नयी कहानी लिखते हुए ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई। उस पूरे दौर में विनेश को अटल विश्वास था कि उनकी लड़ाई सही है ।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन की अगुवाई करने पर उनकी काफी आलोचना हुई । मामला पुलिस तक , अदालत तक पहुंचा। विनेश ने अपने साथी पहलवानों के साथ जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट किया। इससे उनकी आलोचना हुई। आलोचकों ने विनेश का बोरिया बिस्तर बांध ही दिया था कि कुछ दिन बाद 30 साल की होने जा रही विनेश पीछे हटने वालों में से नहीं थी। चुनौतियों की शुरूआत ट्रायल से ही हो गई जब उन्हें अधिकारियों को राजी करना पड़ा कि उन्हें दो भारवर्गों में उतरने दिया जाये और फिर 50 किलो में उनका चयन हुआ।

इस बीच यह अफवाह भी फैली कि उन्होंने डोप टेस्ट से बचने की कोशिश की। पेरिस में पहले दौर का मुकाबला मौजूदा चैम्पियन से था लेकिन युइ सुसाकी के रसूख से डरे बिना विनेश ने उन्हें उनके कैरियर की पहली हार की ओर धकेला। इसके बाद यूक्रेन की ओकसाना लिवाच को हराया। सेमीफाइनल में जीत दर्ज करके उन्होंने फाइनल में जगह बनाई।

लेकिन शायद नजर लग गई विनेश को। फाइनल में जाने के बाद अचानक विनेश को पचास किलोग्राम केटेगरी से बाहर कर दिया गया। विनेश का वजन सौ ग्राम के आसपास अधिक बताया जा रहा है। उसे उस समय अयोग्य घोषित किया गया, जब वह स्वर्ण पदक के करीब पहुंच चुकी थी। दुर्भाग्य या साजिश...लेकिन विनेश तुम विजेता हो। हमारे लिए। देश के लिए

# त्रिकोणीय साज़िश से गिरी शेख़ हसीना की सरकार



**राकेश शर्मा**

शेख़ हसीना की सरकार का बांग्लादेश में पतन कोई अचानक हुई घटना नहीं है यह दशकों की साजिश का नतीजा हैं, एक उभरते हुए, बढ़ते हुए, प्रगति करते हुए, आत्म सम्मान, स्वाभिमान से जीते हुए देश की संभावनाओं को कैसे कुचला जाता है उसका यह जीता जागता उदाहरण है।

पाकिस्तान से टूटकर 16, दिसंबर 1971 में बांग्लादेश बना। चव्वन वर्ष से पाकिस्तान बांग्लादेश में हुई अपनी शर्मनाक हार को हज़्म नहीं कर पा रहा था और तभी से बांग्लादेश में तरह तरह की परेशानियों खड़ी कर रहा था, चीन जो पाकिस्तान छद्म मित्र देश है उसने इसमें पूरा सहयोग किया , इसका कारण था कि शेख़ हसीना ने चीन द्मद्ग सामने घुटने नहीं टेके, उसे अपने देश में सैनिक अड्डा बनाने की इजाज़त नहीं दी, तीसता बांध का अनुबंध भारत साथ कर चीन के आशा को आघात लगाया, तीसरा कोण सीआईए का है जो बांग्लादेश के एक हिस्से पर क़ब्ज़ा कर भारत के कुछ उत्तर पूर्व के राज्यों को मिलाकर एक क्रिश्चियन स्टेट बनाना चाहता था इसे भी शेख़ हसीना ने हक़ीक़त नहीं बदलने दिया।

इन सब घटनाओं ने इन तीनों देशों ने एक लोकप्रिय अपने देश को पाकिस्तान से बहुत आगे ले जाने वाली नेत्री को हटाने षड्यंत्र रचा और उसने सफल भी हो गये। इसका एक मुख्य कारण शेख़ हसीना की भारत के प्रति मित्रता और नम्र रुख़ भी रहा। यह आंदोलन आरक्षण के आंदोलन की आड़ में सिर्फ़ इस त्रिकोणीय साज़िश को अंजाम देना था , जमाते इस्लाम और बीएनपी ने इसमें विदेशी ताकतों की मदद कर एक लोकतांत्रिक देश को इस्लामिक राष्ट्र बनाने द्वद्ग मदद की है। वरना कोई बताए जिस आरक्षण के आंदोलन के लिए यह आंदोलन चलाया गया उसे बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने स्थगित कर दिया लेकिन फिर आंदोलन शेख़ हसीना को हटाने लिए ज़ोर मारने लगा, जब वह इस्तीफ़ा देकर देश छोड़ गई यह आंदोलन समाप्त नहीं हुआ। पूरे देश में अराजकता, आगज़नी, लूटपाट हो रही है। सबसे दुःख की बात है बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहें है, उन्हें मारा जा रहा है, हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार किया जा रहा है, उनके घर लूटे जा रहे हैं, घर जलाये जा रहे हैं, मंदिर तोड़े जा रहें है। क्या यह लोकतंत्र को बचाने द्मद्ग लिए हो रहा है या उद्देश्य कुछ और ही था और अब वह जेहादी इस्लामीकरण जगज़ाहिर हो रहा है।



भारत पर इसका दुष्परिणाम होने से बचा नहीं जा सकता।

जिस बंग–बंधु ने मुल्क दिया, आज उन्हीं की मूर्ति तोड़ी जा रही है। यही इस्लाम है, यही इस्लाम की खूबसूरती है। जिस जिन्ना ने मुल्क दिया था, वही एम्बुलेंस में पड़े–पड़े सड़क पर ही मर गया। खास बात देखिए कि जिसे आज ये 'क़ायदे आज़म% कहते हैं, उसे ऐसी एम्बुलेंस से ला जाया जा रहा था अचानक से जिसका पेट्रोल ही खत्म हो गया और वो मर गया। खैर, इसी तरह शेख मुजीबुर रहमान ने बांग्लादेश के गठन के लिए संघर्ष किया। बदले में हुआ यूँ कि उनके घर में 20 लाशें गिरीं, 2 बेटियों के अलावा परिवार में कोई नहीं बचा। आज उनकी ही मूर्ति को उनके ही बनाए मुल्क के लोग तोड़ रहे हैं। वाह रे इस्लाम!

भारत में रह कर बिलबिलाने वाली आरफा खानम शेरवानी से लेकर राना अय्यूब जैसी राक्षसनियों को बांग्लादेश पर टिप्पणी करनी चाहिए, इस्लाम की इस खूबसूरती पर चर्चा करनी चाहिए।

बांग्लादेश में आज जो हुआ है, उसका सपना हमारा विपक्ष, वेस्टर्न डीप एस्टेट, वामपंथी इको सिस्टम पिछले 10 साल से देख रहे हैं।महबूबा मुफ्ती की बेटी, फारूक अब्दुल्ला, संजय सिंह और संजय राउत जैसे नेताओं की टिप्पड़ियाँ की तानाशाहों का यही हालत होता है भारत की झूठी बनाई गई तानाशाही की और इंगित कर रहा है और इसके गहरे मायने हैं।

1971 के समय जो लोग मारे गए थे... उनके परिवारों को सरकार ने आरक्षण दिया हुआ था. बांग्लादेश में पिछले 5–6 सालों से स्थिति विस्फोटक थी... वहाँ एक पार्टी है ञ्जह्रक्क. जो आतंकवादी समर्थक भी है.. और इस पार्टी को अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाईडेन का भी समर्थन प्राप्त है। यह लोग कई सालों से सत्ता पलटने में लगे हुए थे.. लेकिन लोकतान्त्रिक तरीके से जीत नहीं पाते थे.. पिछले चुनावों में इसी कारण बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया और चुनाव नहीं लड़ा.. जिस वजह से शेख हसीना की पुन: सरकार बन गई।

इस बार इन्होंने आरक्षण का मुद्दा बनाया .. और देश भर में हिंसा हुई.... सरकार ने सभी तरह के आरक्षण ख़त्म कर दिए. उसके बाद कुछ दिन शांति रही.. फिर बीएनपी और कुछ आतंकवादी संगठनों और वेस्टर्न डीप स्टेट आईएआई द्वारा प्रायोजित जमाते इस्लाम ने फिर से बवाल करना शुरू कर दिया... कल कल में ही 100 से ज्यादा लोग मारे गए... और कल अराजक तत्व प्रधानमंत्री निवास में घुस गए.. और सड़को पर कब्ज़ा कर लिया। बांग्लादेश की सेना इतनी मजबूत नहीं की मार्शल लॉ लगा दे.. ऐसे में वेस्टर्न डीप स्टेट या आईएसआई का ख़ालिदा जिया जैसा भारत विरोधी कोई प्यादा नई सरकार बनाएगा।

यदि आप अवामी लीग की की जगह बीजेपी लगा दीजिए और प्रधान मंत्री शेख़ हसीना की जगह नरेंद्र मोदी कर दीजिये... बाकि सब वैसा ही होने के सारे तिकडम लगाए गए..... लेकिन सौभाग्य से ऐसा हुआ नहीं। याद कीजिये कुछ महीने पहले का राहुल गाँधी का बयान.. जिसमें उसने कहा था कि मोदी अब सड़क पर जायेगा तो जनता इसको मारेगी.....जी बिलकुल यही शब्द बोले गए थे।

किसानों के फर्जी आंदोलन में %मर जा मोदी% के नारे लगाए जाते रहे हैं.... इंदिरा गाँधी की तरह मोदी की हत्या करने की बता कई बार की गई है। विपक्ष के बड़े नेता पाकिस्तान जा कर उनसे सहायता मांगते हैं.. ताकि सरकार बदली जा सके। राहुल गाँधी यूरोप जाते हैं, और सभी यूरोपीय देशों से सहायता मांगते हैं...भारत में सरकार बदलने के लिए। बांग्लादेश में आरक्षण के मुद्दे पर बवाल हुआ... और सरकार ने सब मांगे मान ली, उसके बाद भी हिंसा नहीं रुकी.

भारत में ऐसे कई बवाल हुए हैं पिछले 10 सालों में.... असहिष्णुता से शुरू हुई यह नौटंकी आज शेड्यूल कास्ट शेड्यूल कास्ट के आरक्षण को व्यापक बनाने तक हर दिन चलती आ रही है। सौभाग्य मानिये... केंद्र में मजबूत सरकार है.... जो पिछले 10 सालों से ऐसे लोगों से लड़ रही है... हाँ ऐसा करते हुए कुछ लोगों को कमजोर भी दिखती है.. लेकिन ऐसा नहीं है... कई बार युद्ध जीतने के लिए कुछ लड़ाई हारनी भी पड़ती हैं।

जब अराजकता फैलती है ना... तो सबसे पहले आम जन जीवन प्रभावित होता है.... बांग्लादेश में अब सरकार नहीं है... लोग हतप्रभ हैं... क्या करें.. कहाँ जाएं... जो सत्ता के पक्ष वाले हैं वह डरे हुए होंगे.. क्यूंकि उन्हें चिन्हित किया जा चुका होगा..... आगे क्या होगा उनके साथ.. यह भगवान ही जाने। देश में कोई व्यवस्था नहीं होगी... काम धंधे प्रभावित होंगे.. देश में हिंसा होगी तो व्यापार नहीं हो पायेगा.. रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान पर होंगे.... देश में इन्वेस्टमेंट नहीं आएगा... लोगों का जीवन स्तर बिगड़ जाएगा.. नौकरियां खत्म हो जाएंगी.

जो आज बांग्लादेश में हो रहा है... यह भारत में भी हो सकता है. आज हमारा विपक्ष और डीप स्टेट यही तो करना चाहता है..... असहिष्णुता, एंटी सीएए,किसान आंदोलन,लिंचिंग, रोहित वेमुला, जातिवाद, आरक्षण जैसे कई बनाये जा रहे मुद्दे हैं हमारे देश में.... हर मुद्दे पर हमने बवाल देखे हैं पिछले दस सालों में। यह सरकार की सफलता है कि कोई भी बवाल बड़ा नहीं हुआ.. वरना विपक्ष तो हर बार ऐसे काण्ड करके मोदी का इस्तीफ़ा ही मांगता है।

एक बात याद रखिये..... लोकतंत्र में सवाल पूछने की आजादी तब तक ही है जब तक केंद्र में लोकतान्त्रिक सरकार है.... जिस दिन अराजक तत्व सत्ता में आएंगे.. या लोकतान्त्रिक सरकार गिरेगी... देश भरभरा कर गिर जाएगा.

ये जो लाखों करोड़ों बैंक में जमा कर रखें हैं... ये जो मार्केट पोर्टफोलियो बना रखा है... ये तो कोठी फ्लैट ले रखें हैं... ये जो ड्डड्डस्रद्ब बड़ी करें ले कर आप घूमते हैं ना... जिस दिन अराजक भीड़ सड़क पर आएगी.. यह सब एक झटके में गायब हो जायेगा। जब जान ही बचाने के लाले पड़ जाएंगे.. तब पैसा, बंगला, गाड़ी, बैंक बैलेंस के बारे में कौन सोचेगा? 4 जून को आप इसी अराजकता से बचे हैं.... कितने समय तक बचे रहेंगे.. यह केंद्र में स्थिर और मजबूत सरकार पर निर्भर करता है।

इसलिए बांग्लादेश की दुर्घटना से सजग हो जायें और जो शक्तियाँ विदेशियों से मिलकर भारत ऐसी स्थिति उत्पन्न करना चाहते हैं उनसे सजग हो जायें। भारत सरकार को ऐसे तत्वों से निपटने लिए सजग रहने की आवश्यकता है।

# कट्टरपंथियों की वापसी

**ब्रह्मदीप अलूने**

बंगलादेश में राजनीति बंद,विरोध,गरीबी और आतंकवाद से बाहर निकलकर विकास के मुद्दे पर आगे बढ़ रही थी,लेकिन शेख़ हसीना के सत्ता से हटते ही अब वह सफर थम जाने का अंदेशा है । बांग्लादेश की राजनीति में दूसरा बड़ा चेहरा ख़ालिदा ज़िया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की यह नेता अब ताकतवर होगी और इसका सीधा प्रभाव भारत पर पड़ सकता है। ख़ालिदा ज़िया को जहां कट्टरपंथी ताकतों का समर्थक माना जाता है वहीं शेख हसीना उदार और भारत समर्थक मानी जाती है। बांग्लादेश की राजनीति के केंद्र में भारत समर्थन और भारत विरोध की शक्तियाँ समानांतर कार्य करती है। इस साल बांग्लादेश में आम चुनावों से पहले प्रधानमंत्री हसीना ने सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा था कि अगर उनकी पार्टी चुनाव जीतती है तो भारत के साथ सहयोग जारी रहेगा। घोषणापत्र में यह भी स्पष्ट भी किया गया कि,भारत के साथ भूमि सीमाओं के सीमांकन और परिक्षेत्रों के आदान–प्रदान की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है। इस उपलब्धि ने भारत के साथ निरंतर बहुपक्षीय सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों को प्रोत्साहित किया है। शेख हसीना के कार्यकाल में बांग्लादेश ने अपने क्षेत्र में उग्रवादियों,अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादियों और अलगाववादी समूहों की उपस्थिति को रोकने के लिए दृढ़ता दिखाई और इससे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में शांति की स्थापना में बड़ी मदद मिली।

वहीं खालिदा जिया की राजनीति भारत के हितों पर चोट करने वाली और पाकिस्तान के ज्यादा करीब नजर आती है। करीब डेढ़ दशक पहले बीएनपी सरकार के दौरान इस्लामिक कट्टरपंथियों को बड़ी मदद मिली। बीएनपी की जमात और इस्लामिक कट्टरपंथियों से पुरानी क़रीबी है। खालिदा जिया की सहयोगी पार्टी जमात–ए–इस्लामी को देश की सबसे बड़ी इस्लामी राजनीतिक पार्टी माना जाता है। जेआईबी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के गठबंधन का सदस्य रह चूका है। 1971 में होने वाली स्वतंत्रता युद्ध में इस दल ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। बाद में यह बंगलादेश के इस्लामीकरण के प्रयास में जुटकर एक सक्रिय दल के रूप में उभरी। जमात–ए–इस्लामी वही संगठन है जिसने तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा किए जाने के बाद बंगलादेश बनेगा अफगानिस्तान जैसे नारे गढ़े हैं। यह इस्लाम के कट्टर और रुढ़िवादी रूप को बंगलादेश में लाना चाहता है। जमात–ए–इस्लामी का सहयोगी संगठन है हुजी। हरकत–उल–जिहाद–अल इस्लामी बांग्लादेश नामक यह आतंकी संगठन कथित तौर पर ओसामा बिन लादेन को अपना आदर्श मानता रहा है। इस संगठन की मांग है कि बांग्लादेश को इस्लामिक स्टेट में बदल दिया जाए। हुजी–बी का लक्ष्य बांग्लादेश में युद्ध छेड़कर और प्रगतिशील बुद्धिजीवियों की हत्या करके इस्लामी हुकूमत स्थापित करना है।




दो दशक पहले भारत के गृह मंत्रालय ने एक दस्तावेज तैयार किया था,जिसका शीर्षक था पाकिस्तान के वैकल्पिक परोक्ष युद्द का आधार। इसमें पाकिस्तान द्वारा अपनों विध्वंसात्मक गतिविधियों को तेज करने के लिए चलाए गए नए ऑपरेशन के बारे में उल्लेख था। इस दस्तावेज में खासतौर पर बताया गया था कि पाकिस्तान अपने भारत विरोधी अभियानों के लिए बंगलादेश को एक नए आधार के रूप में विकसित कर रहा है। दस्तावेज में इस बात का भी खुलासा था कि पाकिस्तान ने लगभग 200 आतंकवादी प्रशिक्षण कैम्पों को पहले ही अपने यहां से हटाकर बंगलादेश में व्यवस्थित करवा चुका है।

भारत और बांग्लादेश के बीच गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और भूराजनीतिक संबंधों के कारण इसे जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हूजी के कार्यकर्ता कथित तौर पर भारत के पूर्वी गलियारे में भी अक्सर घुसपैठ करते हैं ताकि क्षेत्र के आतंकवादी और विध्वंसक संगठनों के साथ संपर्क बनाए रखा जा सके। हूजी को भारत में कई स्थानों पर आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार पाया गया है। यह अलकायदा तथा तालिबान मिलिशिया से मजबूत संबंधों के बूते दक्षिण एशिया के कई देशों में कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा दे रहा है। पूर्व सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में मुजाहिदीन के साथ लड़ने के लिए बड़ी संख्या में मुजाहिदीन अफगानिस्तान गए थे। 1990 के दशक में बेगम खालिदा जिया के राजनीतिक दल बीएनपी शासन के दौरान इनमें से बड़ी संख्या में मुजाहिदीन बांग्लादेश लौट आए और अब देश में कट्टरपंथी आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। हूजी भारत के पूर्वोत्तर में सक्रिय आतंकवादी समूहों के साथ भी संबंध रखता है, जिसमें यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) भी शामिल है। हूजी कथित तौर पर बांग्लादेश में चटगाँव पहाड़ी इलाकों में स्थित उल्फा के कुछ शिविरों का प्रबंधन करता है,जो भारतीय राज्य त्रिपुरा की सीमा पर स्थित हैं।

बांग्लादेश में, हुजी को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात–ए–इस्लामी जैसी मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियों का संरक्षण प्राप्त है। हरकत–उल–जिहाद–अल–इस्लामी बांग्लादेश अर्थात् हूजी एक देवबंदी समूह है,जो पाकिस्तान स्थित हूजी से संबद्ध है और इसका गठन 17 बांग्लादेशी मुजाहिदीन द्वारा किया गया था। इनका सम्बन्ध पाकिस्तान की खुफ़िया एजेंसी आईएसआई है। करीब चार हजार किलोमीटर लंबी भारत बांग्लादेश सीमा भौगोलिक और सांस्कृतिक जटिलताओं के कारण भारत के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा संकट रही है। इसका फायदा पाकिस्तान की खुफियां एजेंसी आईएसआई खूब उठाती है और कई इलाकों में भारत के विरुद्ध विद्रोही संगठनों को आश्रय और प्रशिक्षित करके भारत पर हमले करने के लिए प्रेरित करती है। उनका ध्यान खासतौर पर ऐसे समूहों के लिए होता है जो भारत के सीमा प्रान्तों में विभाजन करना चाहते है। पाकिस्तान की खुफ़िया एजेंसी आईएसआई ने बांग्लादेश के आतंकी संगठन हूजी से मिलकर असम,मिजोरम,मेघालय और मणिपुर को इस्लामिक कट्टरतावाद से जोड़ने के लगातार प्रयास करती रही है। भारत की सबसे लंबी सीमा रेखा बंगलादेश के साथ लगती है और इसका फायदा उठाकर पूर्वोत्तर के रास्ते भारत को आतंकवाद आयातीत किया जा रहा है। इसमें घुसपैठ,तस्करी,मदरसों का जाल और नकली मुद्रा का अवैध कारोबार शामिल है।

जब से अवामी लीग की सरकार आई है,वह चरमपंथी संगठनों को दबाने की कोशिश कर रही थी और इसमें कुछ क़ामयाबी भी मिली थी। आम तौर पर बंगलादेश में हिंदुओं को आवामी लीग गठबंधन का समर्थक बताया जाता है और इसी कारण अल्पसंख्यक हिन्दू बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात–ए–इस्लामी के निशाने पर होते है। बांग्लादेश में इस साल हुए आम चुनाव में अवामी लीग की जीत के बाद वहां जिस तरह से विपक्ष द्वारा इंडिया आउट अभियान शुरू किया गया है और उसे व्यापक समर्थन मिल रहा था। जाहिर है शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी ताकतें मजबूत होगी। यह स्थितियां भारत के लिए आंतरिक और सीमाई सुरक्षा का संकट बढ़ा सकती है और इससे सतर्क रहने की जरूरत है।

# राष्ट्रीय हथकरधा दिवस : हस्तशिल्प और हथकरघा की अलग-अलग परंपराएँ

**योग गुरु महेश अग्रवाल**

हर वर्ष 7 अगस्त को भारत की हथकरघा की समृद्ध विरासत का सम्मान करने के लिए राष्ट्रीय हथकरधा दिवस मनाया जाता है। भारत की संस्कृति में हथकरघा वस्त्र एक ऐतिहासिक विरासत है जो न केवल शिल्प कौशल को प्रदर्शित करता है बल्कि पारंपरिक तकनीकों को संरक्षित करने और स्थानीय कारीगरों का समर्थन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दिन हाथ से बुनाई की कला को महत्व देने और बढ़ावा देने की याद दिलता है जो पीढ़ियों से भारत की पहचान का एक अभिन्न अंग रहा है। भारत के हथकरघा कलाकार अपनी अनूठी हस्त–कताई, बुनाई और छपाई शैली के लिए विश्व स्तर पर जाने जाते हैं। वे देश के छोटे शहरों और गांवों से आते हैं जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक कौशल हस्तांतरित करते हैं। हथकरघा उद्योग देश का सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है। भारत का हथकरघा क्षेत्र सबसे बड़ी असंगठित आर्थिक गतिविधियों में से एक है। भारत में हथकरघा उद्योग में उत्कृष्ट कारीगरी की एक लंबी परंपरा है जो जीवंत भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व और संरक्षण करती है।

भारत कई पारंपरिक उत्पादों का उत्पादन करता है, जैसे साड़ी, कुर्ते, शॉल, घाघरा चोली, लुंगी, फैशन के सामान, बेडस्प्रेड आदि। समकालीन उत्पाद श्रेणी में, देश फैशन फैब्रिक, पश्चिमी पोशाक, बिस्तर की चादरें, पर्दे, रसोई लिनन, सजावटी सामान, गलीचे दरी आदि का उत्पादन करता है। भारत के हथकरघा क्षेत्र का लाभ यह है कि इसमें कम पूंजी की आवश्यकता होती है, यह पर्यावरण के अनुकूल है, इसमें बिजली की खपत कम है और इसमें बाजार की स्थितियों के अनुकूल होने की क्षमता है।

सहस्त्राब्दियों से, भारत के हस्तशिल्प (भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण घटक रहा है। भारत में कई अलग–अलग हस्तशिल्प परंपराएं हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी शैली, पद्धति और सौंदर्यशास्त्र है, जो देश के विशाल और विविध इलाके और व्यापार और वाणिज्य के लंबे इतिहास के कारण है। भारत के हस्तशिल्प अपनी सुंदरता, कारीगरी और बारीकियों पर ध्यान देने के लिए जाना जाता है, जिसमें लखनऊ की जटिल कढ़ाई से लेकर वाराणसी की नाजुक रेशम की बुनाई, जयपुर की अलंकृत धातु की कारीगरी और राजस्थान की जीवंत चीनी मिट्टी की चीज़ें शामिल हैं। पूरे भारत में लाखों कलाकार अपनी आजीविका के लिए इन पारंपरिक शिल्पों पर निर्भर हैं, जो उन्हें भारत की अर्थव्यवस्था और समाज में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनाता है। वे भारत की कलात्मक गुणवत्ता के प्रदर्शन के रूप में भी काम करते हैं।




भारत के हस्तशिल्प की बुनियादी विशेषताएँ हैं। भारत के हस्तशिल्प बनाने के लिए आवश्यक सभी कार्य हाथ से ही किये जाने चाहिए। परिणामी उत्पादों का कुछ कलात्मक या सौंदर्यात्मक मूल्य होना चाहिए। भारत में हस्तशिल्प और हथकरघा के बीच अंतर हैं।

भारत के हथकरघा – सूत – यह सिलाई और बुनाई में उपयोग किए जाने वाले मुड़े हुए रेशों (कपास, रेशम, ऊन या नायलॉन, आदि) की एक महीन रस्सी है। करघा – करघा एक मशीन है जिसका उपयोग सूत से कपड़ा बनाने के लिए किया जाता है। हथकरघा – यह हाथ से चलने वाली मशीनों का उपयोग करके सूत से कपड़ा बुनने की एक प्रक्रिया है। पावर लूम – इसका उपयोग बिजली का उपयोग करने वाली मोटर चालित मशीनों के माध्यम से सूत से कपड़ा बुनने में किया जाता है।

भारत के हस्तशिल्प – सभी वस्तुएँ सरल उपकरणों का उपयोग करके हाथ से बनाई गई हैं। हस्तशिल्प पत्थर, चमड़ा, लकड़ी, कांच, बांस, धातु आदि से बनाए जाते हैं। इनका उपयोग (ज्यादातर) सजावटी उद्देश्यों के लिए किया जाता है, जिसमें उपहार और स्मृति चिन्ह, साथ ही उपयोगिता प्रयोजनों के लिए भी शामिल हैं।

हथकरधा मार्क एक लोगो है जिसे हर हस्त करधा उत्पाद पर सिला जा सकता है यह खरीदार को गारंटी देता है कि उत्पाद हाथ से बुना गया है और मशीनरी/पावरलूम का उपयोग करके निर्मित नहीं किया गया है। यह लोगो नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी), अहमदाबाद द्वारा डिजाइन किया गया था। लोगो के नीचे घरेलू उत्पाद– हथकरघा लिखा हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय उत्पाद – लोगो जिसके नीचे भारत में हाथ से बुना हुआ शब्द लिखा हुआ है। भारत में हस्तशिल्प का एक लंबा इतिहास है जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होता रहता है। ये हस्तशिल्प देश भर के कलाकारों द्वारा उपयोग की जाने वाली तकनीकों की विविधता के कारण विशिष्ट हैं। धातुकर्म, चीनी मिट्टी और लकड़ी की नक्काशी से लेकर बुनाई, कढ़ाई, ब्लॉक प्रिंटिंग और रंगाई तक, भारत में पारंपरिक शिल्प की एक श्रृंखला है जो इसके कारीगरों की प्रतिभा और आविष्कार को उजागर करती है। ये विधियां अपने सामाजिक और आर्थिक प्रभाव और सौंदर्य संबंधी मूल्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। लाखों लोग आय के स्रोत के रूप में उन पर भरोसा करते हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में जहां पारंपरिक शिल्प अभी भी स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त, हस्तशिल्प का सांस्कृतिक महत्व है क्योंकि वे पुराने तरीकों और पैटर्न को संरक्षित करते हैं जो विभिन्न लोगों और स्थानों की परंपराओं, विश्वासों और इतिहास का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कला धातु के बर्तन – भारत की कलाकृतियाँ, जैसे कि चांदी और पीतल के बर्तनों पर तामचीनी, उत्कीर्ण और फिलाग्री कटवर्क, भारत का गौरव हैं।

लकड़ी के कला पात्र: भारत की काष्ठकला सदियों से प्रसिद्ध है और सबसे आदिम कलाओं में से एक मानी जाती है। हाथ से मुद्रित वस्त्र – इंडिया टेक्सटाइल्स अपनी विशिष्ट कला, मुद्रित और रंगे सूती कपड़े के लिए जाना जाता है। सदियों से इसकी रचनात्मक प्रक्रियाएँ फली–फूली हैं क्योंकि कपड़े को शाही संरक्षण प्राप्त हुआ है।

कढ़ाई का सामान – कढ़ाई के कपड़े और अन्य सामान को सुइयों और धागे का उपयोग करके सजाया जाता है। भारतीय कढ़ाई वाले सामानों की एक विशिष्ट और समृद्ध शैली होती है। संगमरमर और नरम पत्थर शिल्प – भारतीय अद्वितीय पत्थर की कारीगरी को दुनिया भर में सराहा जाता है। इसे भारत की विभिन्न ऐतिहासिक इमारतों में देखा जा सकता है। पपीयर माचे शिल्प – यह शिल्प मुगल काल के दौरान विकसित हुआ। आज भी, भारत भर में कई कारीगरों द्वारा इसका अभ्यास किया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन–1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन–2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# धोखे से कराई रजिस्ट्री, अब दे रहे धमकियां, रुपए वापस करने के बाद भी नहीं मिल रही भूमि

## -पीड़ित ने फर्जी रजिस्ट्री के मामले की कलेक्टर एसपी से शिकायत



छतरपुर. जिले के किशनगढ़ में हरिजन और आदिवासियों परिवारों के साथ अन्याय की घटनाएं सामने आती रहतीं हैं। इसी तरह के एक और मामला सामने आया है जिसमें हरिजन परिवार के साथ फर्जी तरीके से जमीन हड़पने की शिकायत पीडित परिवार ने कलेक्टर और एसपी से की है। साथ की आवेदन देकर मामले में जांच करने की मांग की है।

किशनगढ़ निवासी खरगा अहिरवार ने आवेदन में बताया कि उसकी ग्राम भैसखार हल्का कदवारा तहसील बिजावर में खसरा नम्बर 589/7/2 कुल रकवा 0.3270 हे0 कृषि भूमि स्थित है। बताया कि ग्राम भैंसखार थाना किशनगढ़ निवासी हरदयाल लोधी से लगभग दो-ढाई वर्ष पूर्व 60000 रूपये उधार लिये थे, हरदयाल लोधी व उसकी पत्नि नन्नी बाई लोधी व उसका पुत्र शंकर सिंह लोधी पैसों के लेन देन के संबंध में लिखा पढी करने के लिए खरगा को अपने साथ उप पंजीयक कार्यालय ले गये और वहां लिखा पड़ी कराई। इसके बाद पैसे वापिस करने पर उक्त लिखा पढी समाप्त होने की बात तय हुई।

कुछ महीनों के बाद हरदयाल लोधी से लिये 60000 रूपये पूर्व में मय ब्याज के वापस कर दिए। उसके बाद खरगा ने अपनी कृषि भूमि राजेन्द्र कुमार द्विवेदी को दिनांक 24 अगस्त 2023 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से बेच दी। बेचने के बाद नामांतरण कराने के दौरान हरदयाल लोधी द्वारा अपने पुत्र शंकर सिंह लोधी के साथ मिलकर अपनी पत्नि नन्नी बाई लोधी के नाम कराने की बात सामने आई।

इस मामने में खरगा ने हरदयाल लोधी ने इसकी शिकायत की तो उन्होंने गाली गलौज कर भगा दिया और धमकी दी।

मामले में खरगा ने छतरपुर में एसपी और कलेक्टर के नाम सहित उच्चाधिकारियों को आवेदन देकर जांच कराने और फर्जी रजिस्ट्री खारिज करने की मांग की है।

## श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग का पूजन



इटारसी // महिलाओं के लिए विशेष धार्मिक पूजन का अवसर सावन माह खास होता है। सनातन हिंदू महिलाएं सावन में भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए प्रत्येक जतन करती है क्योंकि उनके सुहाग की रक्षा भगवान भोलेनाथ करते है। श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लक्कड़गंज में इस तारतम्य के अवसर पर पार्थिव ज्योर्तिलिंग निर्माण पूजन और अभिषेक का कार्यक्रम सुचारू है। पार्थिव ज्योर्तिलिंग निर्माणकर्ता एवं मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने भगवान भोलेनाथ के मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग का निर्माण किया और पूजन अभिषेक कराया उनका सहयोग पं. सत्येन्द्र पांडेय एवं पं. पीयूष पांडेय ने किया। यजमान लखन सैनी ने पूजन अभिषेक किया। मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग दुनिया में अद्भुत है। आंध्रप्रदेश के कुर्नुल जिले के श्रीशैल मल्लिकार्जुन का क्षेत्र एक पवित्र स्थान है। जिसकी तलहटी में कृष्णा नदी ने पाताल गंगा का रूप लिया हुआ है। ऐसा कहा जाता हे कि प्राचीन काल में इस कदली बिल वन प्रदेश में भगवान शंकर आते थे। इसी स्थान पर उन्होंने दिव्य ज्योर्तिलिंग के रूप में स्थाई निवास किया। यह स्थान कैलाश निवास भी कहलाता है। इस ज्योर्तिलिंग को लेकर नारद जी और कार्तिकेय की कथा भगवान शंकर और अर्जुन युद्ध, वनवासी राजकन्या, छत्रपति शिवाजी एवं सेवक राजवंश की कथाए भी प्रचलित है।

## नगर परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव हुए पास



**औबेदुल्लागंज ।** नगर परिषद के सभा कक्ष में परिषद के अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई बैठकमें सभी सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुए जिसमें 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में विचार, समस्त करो के निर्धारण के संबंध में विचार,बाजार बेटकी वसूली करने पर विचार , हॉट बाजार के चबूतरे आवंटन की प्रक्रिया करने पर विचार ,

नगर का अतिक्रमण हटाने पर विचार, वार्ड नंबर 2 पीरबाबा के पास अस्थाई गौशाला निर्माण पर विचार, वार्ड क्रमांक 04 हॉट बाजार के पास दुकानों का निर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति पर चर्चा की गई इस दौरान सभी आठ बिंदु सर्व सम्मति से पास किया गया सीएमओ सोनाली शर्मा ने सभी पार्षदों का आभार व्यक्त किया बैठक में उपाध्यक्ष नमीता वागीश अग्रवाल, सरोज रामेश्वर नागर, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, पार्षद सुनील सेरिया, सुजीत यादव, शंकरलाल इरपांचे, राजेश खटीक, प्रमोद सेन, राधा राजेंद्र साहू, सना अमीर ममनून, प्रीतिअनूप चौधरी, भारती नरेश सेठी इंजीनियर मुकेश जैन निर्माण शाखाप्रभारी चंद्रभान जैन उपस्थित रहे।

## अशोक गोयल बने वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष



मंडला--भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वैश्य महासम्मेलन के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रभारी श्री अशोक गोयल को म.प्र.के श्री उमाशंकर गुप्ता के अनुशंसा पर उन्हें वैश्य महासम्मेलन के संगठन व्यवस्था की दृष्टि से बालाघाट संभाग का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बालाघाट संभाग के अंतर्गत मंडला और बालाघाट संयुक्त रूप से दो जिले का कार्य वैश्य महासम्मेलन के संगठनात्मक विस्तार की दृष्टि से कार्य करेंगे।

## अम्बिका तिवारी बने म.प्र. पुलिस पेंशनर्स संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष



मण्डला--म.प्र. पुलिस पेंशनर्स संघ का म.प्र. में संघठन को मजबूती प्रदान करने के लिए क्षेत्रवाईज संघठन वृद्धि और तीव्रता से कार्य करने हेतु 4 क्षेत्रों में विभाजीत कर प्रत्येक क्षेत्र का प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त जा रहा है।

प्रांतीय अध्यक्ष पुलिस पेंशनर्स संघ म.प्र. एम.पी. सिंह परिहार संघ के विधान में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संघठन में नियुक्तियां की है। मण्डला जिले से अम्बिका प्रसाद तिवारी को उपाध्यक्ष दक्षिण क्षेत्र के जिला छिंदवाड़ा, कटनी एवं उमरिया आदि जिलों मे संगठन को गति देने का दायित्व सौंपा गया है। श्री तिवारी जी पूर्व मे मण्डला जिला ईकाई के अध्यक्ष थे। आपके प्रांतीय उपाध्यक्ष बने पर सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह का 76वां जन्मदिवस आज



छतरपुर। अलीपुरा रियासत के राजा एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह भंवरराजा का 7 अगस्त 2024 को 76वां जन्म दिन मनाया जाएगा। जिसके लिए उनके समर्थकों द्वारा तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। महाराजपुर विधानसभा के लोकप्रिय युवा विधायक कामाख्या प्रताप सिंह के पिता मानवेन्द्र सिंह (भंवर राजा) एक लम्बे समय से राजनीति में रहकर क्षेत्र के विकास में अपना अहम योगदान दिया है। उन्होंने विधायक एवं सरकार में मंत्री रहते हुए क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी का परिणाम है कि उनकी राजनैतिक विरासत अब उनके पुत्र कामाख्या प्रताप सिंह महाराजपुर विधानसभा के विधायक के रूप में सम्हाल रहे हैं। भंवर राजा का जन्म दिन प्रत्येक वर्ष 7 अगस्त को उनके समर्थक पूरी शिद्दत के साथ मनाते हैं। इस वर्ष भी उनके समर्थक पूरे जोश के साथ अपने नेता का जन्म दिन मनाने के लिए उत्सुक हैं। पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह ने 75 बसंत पार कर आज 76वा जन्म दिन मनाया जाएगा।

## नवागत कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने पदभार ग्रहण किया

छतरपुर,। नवागत कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार की देर शाम कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर छतरपुर का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही जिले की भौगोलिक स्थित के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, संयुक्त कलेक्टर बलबीर रमन, डिप्टी कलेक्टर राकेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल, एसडीएम अखिल राठौर, कोषालय अधिकारी बी.के. श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नवागत कलेक्टर श्री जैसवाल 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

# अच्छी बारिश के लिए ललिता यादव ने कराए पार्थिव शिवलिंग निर्माण

### सावन के तीसरे सोमवार पर जटाशंकर धाम में हुआ आयोजन



छतरपुर। छतरपुर विधायक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव ने सावन के तीसरे सोमवार को जटाशंकर धाम में पार्टी कार्यकर्ताओं व सहयोगियों के साथ विधि विधान से पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर भगवान जटाशंकर से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और छतरपुर विधानसभा में बेहतर विकास के साथ ही अच्छी बारिश के लिए कामना की। शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में बिजावर विधायक राजेश शुक्ला भी शामिल हुए।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण स्थल पर कलाकारों ने शिवजी की महिमा का भी चित्रण किया और भजन प्रस्तुत किए। महिलाओं के साथ छतरपुर विधायक भी भजनों में मंत्रमुग्ध हुई।शिवलिंग निर्माण के बाद देर रात तक भगवान जटाशंकर की पूजा-अर्चना हुई और पूरा प्रांगण बम-बम भोले के जय घोष से गुंजायमान होता रहा। छतरपुर विधायक सभी महिला कार्यकर्ताओं के साथ बस में सवार होकर जटाशंकर पहुंची। कार्यकर्ता छतरपुर विधायक का जगह-जगह स्वागत कर प्रसाद वितरण कर जटाशंकर यात्रा में शामिल रहे।

## हैहय कल्चुरी महासभा के स्थापना दिवस समारोह मे किया सहभागिता

सिवनी- सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन स्थापना दिवस समारोह मे विशिष्ट अतिथि के रुप मे सहभागिता किया। आज भोपाल के आडिटोरियम जे के हास्पिटल कोलार रोड मे अखिल भारतवर्षीय हैहय कल्चुरी महासभा द्वारा यशस्वी मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित 89 वां स्थापना दिवस समारोह एवं युवक- युवती परिचय सम्मेलन मे विधायक दिनेश राय ने विशिष्ट अतिथि के रुप मे केबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, श्रीमती मालती राय जी महापौर, जयनारायण चौकसे डारेक्टर एलएनसिटी, एडवोकेट एम एल राय, जय नारायण चौकसे के साथ सहभागिता किया। जहां पर सामाजिक बंधुओं द्वारा आपका आत्मीय स्वागत कर शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान अपने संबोधन मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आयोजन के लिए सामाजिक बंधुओं को बधाई देते हुए कहा कि परिचय सम्मेलन कार्यक्रम से समाज की प्रतिष्ठा बढ़ती है साथ ही पारिवारिक मिलन समारोह के बहाने समाज का हर एक व्यक्ति एक जगह पर मिलते है तथा ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता को बल भी मिलता है। विधायक दिनेश राय ने आगे कहा कि यह आयोजन सभी समाजों के लिए एक संदेश है। इससे न सिर्फ समाज के लोगों मे आपसी सामंजस्य बढ़ता है बल्कि लोगों को एक दूसरे को समझने का मौका भी मिलता है। इस अवसर पर महासभा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या मे स्वजातीय बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## वर्षो इंतजार बाद शिक्षकों को सम्मानजनक पद प्राप्त हुआ



**मण्डला**--मण्डला सांसद फगगन सिंह कुलस्ते,कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं जिला कलेक्टर,अपर कलेक्टर के निर्देशन में सहायक आयुक्त श्री जगेत के साथ-साथ परियोजना संचालक रंजीत गुप्ता,विष्णु सिंगोर,मंगल मरकाम,राजेश बर्मन के अथक प्रयासों से सहायक शिक्षकों को उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर उच्च पद का प्रभार मिलना संभव हुआ।इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों का विशेष योगदान रहा।इसी परिपेक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कुशराम के निवास स्थान पर जाकर एवं इसके पश्चात सहायक आयुक्त एवं उनकी टीम का स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस स्वागत सम्मान की बेला में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।चर्चा के दौरान अध्यक्ष विवेक शुक्ला, असीम गौतम,अखिलेश चंद्रोल ने ऐसे शिक्षक जो की पात्र है और किसी कारण उनका नाम छूट गया है के विषय में सहायक आयुक्त महोदय से विस्तारपूर्वक चर्चा की जिस पर सहायक आयुक्त ने संगठन को पूर्ण आश्वासन दिया कि किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होगा किसी त्रुटि या भूलवस कोई पात्र शिक्षक का नाम छूटा है तो इसके लिए शिक्षक संघ सभी को संगठन के माध्यम से अवगत करा दें कि वे समय पर अपना अभ्यावेदनमय दस्तावेज अपने बीईओ के माध्यम से तत्काल प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि प्राप्त अभ्यावेदनों की समय पर समीक्षा की जा सके।

अतः जिन साथियों का नाम छूट गया है वे सभी साथीगण चाही गई जानकारी तत्काल संबंधित बीईओ कार्यालय में जमा करें। ताकि उन्हें भी उच्च पद का प्रभार दिलवाया जा सके।

# एप्पल ट्री स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

### मनमानी से पूर्व शिक्षा अधिकारी प्रताड़ित

नर्मदापुरम// एप्पल ट्री अशासकीय विद्यालय इटारसी की मनमानी से प्रताड़ित पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बी. के. पटैल ने त्वरित न्याय के लिए कलेक्टर नर्मदापुरम से अनुरोध किया है।

ज्ञापन में पटेल ने लिखा है कि अशासकीय विद्यालयों द्वारा ऊपरी चमक धमक, लुभावने और भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से पालकों को आकर्षित करने की गला काट प्रतियोगिता के चलते शासकीय विद्यालयों के प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों छात्र-छात्राओं की संख्या और शिक्षा का वातावरण न के बाराबर रह गया है। फल स्वरूप पालक इनमें अपने बच्चों को पढ़ाने में संकोच करते है। इसी का फायदा उठाकर अशासकीय विद्यालय पालकों का शोषण कर रहे है।

कलेक्टर से शिकायत पत्र में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ने लिखा है कि भ्रामक विज्ञापनों का निकृष्ट उदाहरण ÷एप्पल ट्री÷ स्कूल तहसील इटारसी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अपने आपको सीबीएसई पाठ्यक्रम से संबंध्द होना दिखाया जा रहा है। जबकि इस विद्यालय को अभी तक सीबीएसई की मान्यता प्राप्त नही है। गूगल पर सर्च करने पर इटारसी के सीबीएसई स्कूलों की लिस्ट में सोशल मीडिया पर यह दिखाई दे रहा है।

श्री पटेल ने बताया कि उनकी पौत्री कु. लावण्या पटेल आ. मनीष पटैल कक्षा चौथी और ईशान पटैल आ. मनीष पटैल कक्षा तीसरी ने जुलाई 2024 में एप्पल ट्री विद्यालय साकेत इटारसी में प्रवेश लिया था। अस्वच्छता, अव्यवस्था के विरूध्द विद्यालय प्रशासन से शिकायत करने पर कोई ध्यान नही दिया गया इसके विपरीत शिकायत कर्ता से अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया तब बच्चे के पिता मनीष पटैल ने बच्चों की टी.सी. एवं फीस लौटाने का अनुरोध किया गया। इसे संचालक ने स्वीकार किया, परन्तु 24 जुलाई 2024 से 6 अगस्त 2024 तक फीस लौटाने की कार्यवाही को प्रक्रिया अधीन बताते हुए बहाने बाजी की जाती रही। इसी से त्रस्त होकर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त अशासकीय विद्यालयों का कलेक्टर द्वारा संघन निरीक्षण कर स्कूल की मनमानी पर रोक लागने का

## नवागत कलेक्टर ने प्रेसवार्ता कर मीडिया प्रतिनिधियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की

छतरपुर। नवागत कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार की देर शाम कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण करने बाद मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता की और सभी का परिचय प्राप्त करते हुए सभी से जिले के विभिन्न विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि जिले में प्राथमिकता के आधार पर अंतिम छोर के पात्र व्यक्ति तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। साथ जिले के आमजनों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग से जुड़े विशेष बिन्दुओं पर फोकस के साथ कार्य करना प्राथमिकता रहेगी। जिससे जिले में सुशासन का वातावरण निर्मित हो सके और सुशासन के विजन पर कार्य हो।


कार्यालय नगर पालिका पिपरिया जिला नर्मदापुरम् म.प्र.

क्रमांक / न.पा. / राजस्व / 2024 / 2978 पिपरिया दिनांकः– 05.08.2024

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के मंडी रोड सरदार वार्ड की ओर खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित प्लाट के लिये नियमानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित है।

| क्र. | प्लाटों का विवरण | ब्लाक क्रमांक | प्लाक क्रमांक | आरक्षण वर्ग | प्रा.राशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक B | प्लाट नंबर 4 | विकलांग | 17.00 Lakh | 13,000/- | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 2 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक B | प्लाट नंबर 5 | अन्य पिछड़ा | 18.50 Lakh | 14,000/- | 2000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 3 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक B | प्लाट नंबर 6 | अन्य पिछड़ा | 20.00 Lakh | 15,000/- | 2000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 4 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक B | प्लाट नंबर 16 | अनारक्षित | 25.00 Lakh | 19,000/- | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 5 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक B | प्लाट नंबर 17 | अनारक्षित | 25.00 Lakh | 19,000/- | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 6 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक B | प्लाट नंबर 18 | अनारक्षित | 25.00 Lakh | 19,000/- | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 7 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक B | प्लाट नंबर 29 | अनारक्षित | 23.50 Lakh | 18,000/- | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 8 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक B | प्लाट नंबर 30 | अनारक्षित | 24.00 Lakh | 18,000/- | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 9 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक B | प्लाट नंबर 31 | अनारक्षित | 24.50 Lakh | 19,000/- | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 10 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक C | प्लाट नंबर 7 | विधवा महिला | 22.00 Lakh | 17,000/- | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 11 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक C | प्लाट नंबर 8 | अनुसूचित जन जाति | 23.50 Lakh | 18,000/- | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 12 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक C | प्लाट नंबर 9 | विधवा महिला | 25.00 Lakh | 19,000/ | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 13 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक C | प्लाट नंबर 19 | अनारक्षित | 25.00 Lakh | 19,000/ | 2000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 14 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक C | प्लाट नंबर 20 | अनारक्षित | 25.00 Lakh | 19,000/ | 2000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 15 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक C | प्लाट नंबर 21 | अनारक्षित | 25.00 Lakh | 19,000/ | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 16 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक C | प्लाट नंबर 32 | अनारक्षित | 24.50 Lakh | 19,000/ | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 17 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक C | प्लाट नंबर 33 | अनारक्षित | 24.50 Lakh | 19,000/ | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |
| 18 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित | ब्लाक C | प्लाट नंबर 34 | अनारक्षित | 25.00 Lakh | 19,000/ | 5000/रू प्लस जी.एस.टी. |

//समय तालिका//


| | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 06.08.2024 10:30 AM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 22.08.2024 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 23.08.2024 10:30 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोटः– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

## सोशल मीडिया से






OUR PREDICTION CAME TRUE
WHISPERSINTHECORRIDORS.COM

**Setty appointed CMD SBI ON AUG 7**

**(WE SAID THIS ON FEB 1, 2024)**
**KEY POSITIONS (18) SBI CMD**
CMD of the State Bank of India Dinesh Khara is scheduled to retire in August. Challa Sreenivasulu Setty, MD of the SBI is expected to be the new CMD. He is MD International Banking, Global Markets & Technology in SBI.

**(WE SAID THIS ON MAY 8, 2024)**
**Who will be new CMD of SBI?**
Interview for the post of CMD State Bank of India is likely to be held in the last week of this month. Informer sources said that C S Setty is ahead in the race followed by Ashwini Kumar Tiwari.

**(WE SAID THIS ON JULY 20, 2020)**
**Kaun Banega SBI Chief (4) C S Setty**
Recently appointed MD, C S Setty is also said to be a contender. General belief is that he has got five years for retirement and that is the reason he may not be given chance this time. One thing is certain that because of his age he is bound to succeed new Chairman after two years.

**Rana Ashutosh Kumar Singh appointed MD SBI on Aug 7**

**(WE SAID THIS ON APRIL 25, 2024)**
**Rana Ashutosh Kumar Singh recommended for the post of MD, SBI**
The Financial Service Institutions Bureau has recommended Rana Ashutosh Kumar Singh for the position of Managing Director (MD) in SBI. The bureau has interviewed 16 candidates on April 23 and 24.

## अमेजन डाट इन ने ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा की

बैंगलुरू, एजेंसी। अमेजन डाट इन के बहु-प्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल 6-11 अगस्त 2024 के दौरान आज़ादी का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। इस साल उपभोक्ता कलाकारों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, ब्राण्ड्स एवं स्थानीय स्टोर्स सहित विभिन्न विक्रेताओं की ओर विभिन्न कैटेगरीज़ जैसे स्मार्टफोन, कन्ज़्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन, ब्यूटी असेन्शियल्स, होम एण्ड किचन, बड़े अप्लायन्सेज़, टेलीविज़न आदि में लाखों प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। उपभोक्ता जाने-माने ब्राण्ड्स जैसे पोको, सैमसंग, वनप्लस, बोट, सोनी, एलजी, फायर टीवी स्ट्रिक, प्लेस्टेशन, हैवल्स, विप्रो, लिवाइस, लैक्मे, कैडबरी, कोलगेट, आदि पर बेहतरीन ऑफर्स का फायदा पा सकते हैं। इसके अलावा एसबीआई क्रेडिट कार्ड एवं ईएमआई लेनदेन के साथ तुरंत 10 फीसदी अतिरिक्त छूट का लाभ भी उठा सकते हैं। एमज़ॉन पे उपभोक्ताओं को कई फायदे देता है जैसे एमज़ॉन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीददारी पर 5 फीसदी कैशबैक (नियम और शर्तें लागू), एमज़ॉन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर नो कोस्ट ईएमआई के विकल्प।

## पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड का बोर्ड फंड जुटाने पर करेगा विचार

इंदौर, एजेंसी। भारत के तार और केबल उद्योग में अग्रणी कंपनी, पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड की स्थापना 1955 में हुई थी। कंपनी ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 8 अगस्त, 2024 को फंड जुटाने के प्रस्ताव और वित्त 2025 की पहली तिमाही के लिए अन-ऑडिटेड वित्तीय परिणामों पर विचार करेगा। कंपनी ने आगे बताया कि वह पैसे जुटाने का प्रस्ताव रख रही है। यह पैसे शेयर जारी करके, या अन्य तरीकों जैसे जीडीआर, एडीआर, एफसीसीबी, या शेयरों में बदलने वाले दूसरे तरीकों से जुटाए जाएंगे। इनमें वारंट, पूरी तरह से कन्वर्टिबल डिबेंचर, आंशिक रूप से कन्वर्टिबल डिबेंचर, बिना वारंट वाले या वारंट वाले नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर, या कन्वर्टेबल प्रेफरेंस शेयर शामिल हो सकते हैं। पैसे सार्वजनिक रूप से शेयर जारी करके, चुनिंदा लोगों को शेयर देकर, निजी तौर पर शेयर बेचकर, या अन्य किसी अनुमत तरीके से जुटाए जा सकते हैं। यह सब सरकार की मंजूरी और कंपनी के शेयर धारकों की सहमति के बाद ही होगा।

## डायरेक्टर बनने के बाद इसमें नई जान फूंक दी

**मुंबई, एजेंसी।** किंगडम ऑफ द प्लेनेट ऑफ द एप्स के साथ वेस बॉल ने प्लेनेट ऑफ द एप्स की ग्लोबल कहानी में एक नई जान फूंक दी है। यह कहानी सीज़र के साम्राज्य की कई पीढ़ियों बाद की पृष्ठभूमि में स्थित है। यह वानरों का युग है, जो एक दूसरे के साथ प्रेम से रहते हैं, जबकि मनुष्यों को छिपकर रहना पड़ता है। इस युग में एक नया अत्याचारी वानर नेता अपना साम्राज्य बना रहा है, तभी एक युवा वानर इतिहास से मिली हर जानकारी पर सवाल खड़ा करके एक संघर्षपूर्ण यात्रा पर निकल पड़ता है। उसके द्वारा चुने गए विकल्प वानरों और मनुष्यों, दोनों के भविष्य को प्रभावित करने वाले हैं। 2 अगस्त को डिज़्नी+ हॉटस्टार पर प्रसारित हो रही इस भव्य फ्रैंचाइज़ी की नई कहानी इस महागाथा को आगे बढ़ाएगी और दर्शकों को प्रेरित एवं रोमांचित कर देगी। यह फिल्म इंग्लिश, हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगी। बचपन से ही इस फ्रैंचाइज़ी से अपने प्रेम का बारे में डायरेक्टर वेस बॉल ने कहा, मैं इस फ्रैंचाइज़ी की फिल्में बचपन से देखता आया हूँ।

# यहां सबके भावों में बस प्रभात थे

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

तारीख 6 अगस्त 2024, दिन मंगलवार, स्थान मध्यप्रदेश भाजपा कार्यालय। मंच पर स्वर्गीय प्रभात झा का चित्र और मंच खाली था। मंच के नीचे मध्यप्रदेश की राजनीति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सभी बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। सभी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने यहां मौजूद थे। सभी ने प्रभात जी के संग अपने अनुभव साझा किए और भावों से भर गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कहा कि स्व. प्रभात झा जी अल्प समय में चले गए। अल्प समय में निधन पर तकलीफ थोड़ी ज्यादा होती है। कोई व्यक्ति मूलतः अच्छा हो, समय आने पर उसे सभी पार्टी और समाज के लोग अच्छा ही कहते हैं, इसी प्रकार के व्यक्तित्व थे प्रभात झा। प्रभात झा को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनकी तरह सच्चे कार्यकर्ताओं का निर्माण और संगठन तैयार किए जाएं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा तो श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रो ही पड़े, तो भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी भावुक होकर प्रभात जी की यादों से सराबोर हो गए।

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि एक श्रेष्ठ विचारक, कुशल संगठन हमारे बीच नहीं रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व. प्रभात झा जी कुशल संगठक थे, घर जाकर मंडल के कार्यकर्ताओं से मिलते थे, यह संगठन निर्माण की अद्भुत कौशल शक्ति थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि एक कुशल संगठक कैसा होना चाहिए, प्रभात झा जी से सीखा जा सकता है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्व. प्रभात झा जी ने देश, समाज और विचार के लिए अपना जीवन जिया है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि स्व. प्रभात झा जी ने लोकसभा चुनाव में मुझे अभिभावक की तरह मध्यप्रदेश के संबंध में बताया था। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि कार्यकर्ताओं को कैसे कार्य करना चाहिए, स्व. प्रभात झा जी के जीवन से सीखना चाहिए। मध्यप्रदेश विधानसभा के




अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कभी कल्पना नहीं कि थी प्रभात झा जी इतनी जल्दी हम सबको छोडकर चले जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा स्व. प्रभात जी के जो दिल में होता था, वही उनके स्वर में होता था।

सुरेश सोनी ने बताया कि प्रभात झा ने स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की तरह आदर्श कार्यकर्ता निर्माण करने, संगठन को गढ़ने के साथ आदर्श और समग्र जीवन जीया है। बिना दायित्व के भी वे अपने संगठन, पार्टी के लिए हमेशा सक्रिय रूप से कार्य करते रहे। एक अच्छा कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए, स्व. प्रभात झा के जीवन से सीखना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि जब वह पहली बार प्रदेश अध्यक्ष बनकर आए तो उन्होंने एक नया क्रम चालू किया कि प्रत्येक मंडल अध्यक्ष के घर पर जाकर मिलकर आना है। तब मुझे शुरू में अटपटा लगा, लेकिन बाद में ध्यान में आया कि यह उनका कार्यकर्ताओं के साथ खड़े होने का अनुपम संस्कार है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि प्रभात जी जब बीमार हुए उससे 5 दिन पहले मुझे उनका फोन आया कि तुम कहां हो, मिलना है। मैंने कहा कि प्रदेश कार्यालय में हूं, मैं यहां से निकलकर आपके निवास आकर मुलाकात करता हूं। लेकिन उन्होंने कहा कि मैं मिलने आऊंगा। वे मेरे निवास आए और आधे घंटे तक हुई बैठक में विभिन्न विषयों पर बात हुई। स्व. प्रभात झा जी ऐसे संगठक थे कि एक व्यक्ति को कैसे तैयार किया जाता है, यह मैंने उनको कार्यकर्ताओं को तैयार करते हुए देखा है। वे छोटी सी लूना से चलते थे। अपनी मेहनत व श्रम से यहां तक पहुंचना कोई सामान्य बात नहीं है। पूरे देश के साथ दुनियाभर में आज उनके तैयार किए हुए कार्यकर्ता, समर्थक उन्हें याद कर रहे हैं। पार्टी में मंडल स्तर तक वे प्रवास करते थे। प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए इतना निचले स्तर तक प्रवास करना कार्यकर्ता निर्माण और संगठन को मजबूत बनाने का उनका ही कौशल था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अपने लिए तो सब जीते हैं। कीट पतंगे भी जीते हैं, पशु पक्षी भी जीते हैं, अपने लिए जिए तो क्या जिए। स्वर्गीय प्रभात जी ने देश, समाज और विचार के लिए अपना जीवन जिया। हर काम कैसे सफल हो यह तड़प उनके अंदर थी। वह सचमुच के एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक संस्था थे। वे एक मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक थे। मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि हर भूमिका का बहुत ही शिद्दत के साथ उन्होंने निर्वहन किया। पार्टी के लिए जो योगदान हो सकता है उसे हमेशा पूरी श्रद्धा के साथ निभाया। एक कार्यकर्ता के रूप में उनका जीवन बहुत सारे लोगों को याद है। कार्यकर्ता के रूप में भी उन्होंने राज्य, देश और पार्टी का मार्गदर्शन किया। मैं ग्वालियर का कार्यकर्ता हूं, इसलिए बचपन से हम लोग एक-दूसरे के साथ रहे, बहुत सारे खट्टे-मीठे अनुभव रहे, लेकिन प्रभात जी आज हमारे मध्य नहीं है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां एक परिवार का संबंध न हो, लेकिन जीवन के इस यात्रा में कई ऐसे घनिष्ठ संबंध हो जाते हैं जो कभी-कभी पारिवारिक संबंध से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं। यह क्षमता और अद्भुत प्रतिभा स्व. प्रभात झा जी में थी। स्व. प्रभात झा जी की जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। मेरा उनसे एक पीढ़ी, दो पीढ़ी नहीं आजी अम्मा जी एवं पूज्य पिताजी के समय से संबंध है। उनका असमय चले जाना मेरे लिए एक व्यक्तिगत क्षति है।

बात पार्टीजनों की ही नहीं, बल्कि चिंतक, विचारक रघु ठाकुर और कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश नायक ने भी मुक्त कंठ से प्रभात जी के गुणों को याद किया। 6 अगस्त 2024 को प्रभात जी का शायद औपचारिक तौर पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में आखिरी दिन था। पर कार्यकर्ताओं के भावों में प्रभात जी हमेशा जिंदा रहेंगे, इस बात को कोई नकार नहीं सकता। बिहार में जन्मे प्रभात जी ने मध्यप्रदेश को अपनी कर्मभूमि बनाकर यह साबित किया कि हीरा जहां रहे, वहीं अपनी चमक बिखेरता है। इसीलिए 67 वर्ष की मध्यम आयु में संसार से विदा होकर प्रभात जी के कर्मों की यह ताकत अब मध्यप्रदेश में अपनी चमक बिखेरती रहेगी.

# उद्योग के लिए अनुमतियाँ सुविधाजनक बनाने कलेक्ट्रेट में बनेगा प्रकोष्ठ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। इस संकल्प को पूरा करने में मध्यप्रदेश अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापना के लिए आवश्यक अनुमतियां शीघ्र प्रदान करने के लिए कलेक्टर कार्यालय में एक पृथक प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। अनुमतियां शीघ्र प्रदान करने की जिम्मेदारी कलेक्टर की होगी। इसकी प्रदेश स्तर से भी सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज देवास में लघु भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुधवार 7 और गुरूवार 8 अगस्त को प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन के लिए बेंगलुरु में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्टिव सेशन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ÷मध्यप्रदेश उद्योग दर्शन पुस्तिका÷ का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश क्षेत्रीय, भौगोलिक आदि सभी दृष्टि से औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल हैं। प्रदेश में बेहतर रोड एवं रेल कनेक्टिविटी के साथ पर्याप्त कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता हैं। मध्यप्रदेश में नवीन सरकार के गठन के पश्चात से ही निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उज्जैन और जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के सफल आयोजन के पश्चात अब ग्वालियर, सागर और रीवा में भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रोजगार आधारित उद्योगों तथा अन्य उद्योगों के साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों का विकास भी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि न केवल लघु उद्योग अपितु कुटीर उद्योग, हॉर्टिकल्चर आदि के भी व्यापार, व्यवसाय का विकास निरंतर जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की पारदर्शिता और शुचिता आदर्श है। औद्योगिक विकास के लिए सिंगल विंडो की व्यवस्था इसी का बेहतरीन उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लघु भारती के पदाधिकारियों को अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन के आयोजन के लिए बधाई दी।



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री श्री चैतन्य कश्यप ने कहा कि एंप्लॉय इंडिया के स्थान पर जगह एंटरप्रेन्योर इंडिया बनाना मध्यप्रदेश सरकार का लक्ष्य है। स्टार्ट-अप्स आज छोटे-छोटे शहरों तक पहुंचकर भारत की संस्कृति का प्रमुख हिस्सा बन चुके है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार स्टार्ट-अप्स के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। एमएसएमई सेक्टर में संपूर्ण परदर्शिता लाने के लिए सरकार जल्द ही एमएसएमई को दी जाने वाली सभी सब्सिडी डीबीटी से सीधे एमएसएमई उद्योगों के खातों में पहुंचाएगी। मध्यप्रदेश सरकार महिला उद्यमियों का उद्यमिता सम्मेलन 13 अगस्त को भोपाल में आयोजित करेगी। इस सम्मेलन से महिला उद्यमियों को बढ़ावा देकर महिला सशक्तिकरण एवं शहरी- ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए विशेष आरक्षित औद्योगिक क्षेत्रों का गठन किया जाएगा।

श्री कृष्ण गोपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2 से 3 दशकों में लघु भारती अखिल भारतीय स्वरूप में सामने आई है। लघु भारती औद्योगिक विकास के लिए कार्य करने वाली प्रभावी संस्था है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों का उद्योग चलाकर प्रॉफिट कमाना उद्देश्य नहीं होना चाहिए। उद्योगों के संचालन में उत्पादन की गुणवत्ता, रोजगार सृजन के साथ प्रकृति और विश्व के हित को ध्यान में रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि उद्योग एक परिवार हैं, जिसमें श्रमिक और ग्राहक हमारे प्रमुख सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि हमारे संस्कारों और नैतिक मूल्यों को केंद्र में रखकर उद्योगों का संचालन करें।

देवास विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार, सोनकच्छ विधायक श्री राजेश सोनकर, खातेगांव विधायक श्री आशीष शर्मा, विधायक श्री मनोज चौधरी, इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, श्री समीर मूंदड़ा, श्री घनश्याम ओझा, श्री राजेश मिश्रा, श्री राजीव खंडेलवाल, श्री अजय गुप्ता, श्री खगेंद्र भार्गव, श्री महेंद्र सिंह भदौरिया, सचिव एवं आयुक्त एमएसएमई श्री नवनीत मोहन कोठारी, सहित लघु भारती के पदाधिकारी सहित बढ़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहें।

# Cotton spinning units worried over escalating situations in Bangladesh



It may be mentioned that in FY24, India exported raw cotton and cotton yarn worth $ 2.4 billion. (Reuters)

Already grappling with sluggish global demand, the Indian cotton spinning industry is apprehensive about the fallout of the ongoing political turmoil in Bangladesh, the largest textile player after China.

Talking to FE on the recent developments, Ripple Patel, Managing Director, Fiotex Cotspin Private Limited, said, "The industry is worried about the uncertainty around the fate of the containers on the way to Bangladesh and the orders in the pipeline. After this development, the yarn industry will face tremendous heat as the spinning units are already making losses due to muted global demand because of the ongoing geo-political crisis in Europe and Middle East."

He said, "The payment delays because of the closure of banking and trading activities in Bangladesh will also have a negative toll on the industry.

It may be mentioned that in FY24, India exported raw cotton and cotton yarn worth $ 2.4 billion. India exported 34.9% of its total cotton export to Bangladesh, twice the export to China. Furthermore, India and Bangladesh did a bilateral trade of $11.1 billion in this financial year (with an import of $ 1.8 billion and a trade surplus of $ 9.22 billion).

Patel further said that since textiles is one of the biggest industries for Bangladesh, the next government too will go all out to protect its interests. " But the next two or three months may be troublesome for the Indian spinning industry. As of now, the orders that were supposed to be dispatched to Bangladesh will remain in limbo and the spinners will have a hard time finding new buyers.

As per sources in the industry, around 200 to 250 containers of cotton yarn are exported to Bangladesh in one month. The industry players are in talks with the ministries, embassy officials and the authorities at Chittagong Port to assess the situation closely and formulate their strategies accordingly, they said.

# सीएस शेट्टी होंगे एसबीआई के चेयरमैन, दिनेश कुमार खारा की लेंगे जगह

नई दिल्लीः केंद्र सरकार ने चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (स्ब्बद्व) का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। सूत्रों के मुताबिक, सीएस शेट्टी 28 अगस्त के बाद कार्यभार संभाल सकते हैं। सीएस शेट्टी दिनेश कुमार खारा की जगह लेंगे। शेट्टी वर्तमान में एसबीआई में अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी की देखरेख करते हैं, को एफएसआईबी द्वारा चुना गया था, जिसने 29 जून, 2024 को इस पद के लिए तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था। यदि नियुक्त किया जाता है, तो वह एसबीआई के 27वें अध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे।



**करियर की शुरुआत** : सी.एस. शेट्टी ने अपने बैंकिंग करियर की शुरुआत भारतीय स्टेट बैंक से की थी। उन्होंने स्ब्बद्व में विभिन्न पदों पर काम किया है और अपने मेहनत और समर्पण से विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं।

**बैंकिंग में अनुभवः** सी.एस. शेट्टी के पास बैंकिंग के क्षेत्र में कई वर्षों का अनुभव है। उन्होंने विभिन्न विभागों और शाखाओं में काम किया है, जिससे उन्हें बैंकिंग के विभिन्न पहलुओं की गहन समझ है। उनके अनुभव में क्रेडिट मैनेजमेंट, रिस्क मैनेजमेंट, रिटेल बैंकिंग, और कॉर्पोरेट बैंकिंग शामिल हैं।

**पूर्व कार्यभारः** शेट्टी ने अपने करियर के दौरान कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाया है। उन्होंने विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक, और प्रमुख विभागों के प्रमुख के रूप में कार्य किया है। उनकी कुशलता और नेतृत्व के कारण उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान भी प्राप्त हुए हैं। सी.एस. शेट्टी का योगदान और अनुभव स्ब्बद्व को निरंतर सफलता की ओर ले जाने में सहायक साबित हो रहा है। उनके नेतृत्व में, बैंक ने कई नई योजनाएं और सेवाएं लॉन्च की हैं, जो ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं।

# विनेश फोगाट के लिए देसी अखाड़े से ओलंपिक मेडल तक का सफर कैसा रहा

विनेश फोगाट का पेरिस ओलंपिक 2024 में फाइनल मैच आज भारतीय समयानुसार रात 12ः45 बजे शुरू होगा। यह मैच सारा हिल्डेब्रांट के खिलाफ होगाविनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 के फाइनल में पहुंचकर भारतीय महिला पहलवानों की नई मिसाल कायम की है। फोगाट ने क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को 5-0 से हराकर पेरिस ओलंपिक में महिला कुश्ती के 50 किलोवर्ग में गोल्ड मेडल की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।लंबे समय से ओलंपिक पदक का सपना देखने वाली विनेश ने कई कठिनाइयों का सामना किया, जिसमें धमकियां, पुलिस हिरासत, विरोध प्रदर्शनों की प्रतिक्रियाएं और बदनाम करने के प्रयास शामिल थे, लेकिन वे अडिग रहीं और मेडल सुनिश्चित कर लिया।आलोचकों को दिया करारा जवाबविनेश ने आलोचकों को सख्त जवाब दिया और 12 साल में दो असफल प्रयासों के बाद ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बनीं। उथल-पुथल भरे दौर में भी उन्हें पूरा यकीन था कि उनकी लड़ाई सही थी और इसमें वे सफल भी हुई।कड़ी चुनौतियों का सामना53 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करने के बाद उन्हें 50 किग्रा में उतरना पड़ा। ओलंपिक क्वालीफायर से पहले उनके ट्रायल मुकाबलों में कई



समस्याएं आईं, और 2016 के रियो ओलंपिक में ष्टरुके फटने के बाद घुटने की सर्जरी ने उनके करियर को संकट में डाल दिया। हरियाणा की इस पहलवान के लिए पेरिस तक का सफर बेहद कठिन था, लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय कठिनाइयों का सामना किया।संघर्ष की यात्राविनेश की असाधारण यात्रा, दिल्ली के विरोध प्रदर्शनों से लेकर पेरिस के पोडियम तक, ने उनके परिश्रम और समर्पण को प्रमाणित किया है। फिलहाल, उनका सिल्वर मेडल पक्का हो चुका है, जो उनकी आलोचनाओं का सटीक जवाब है। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके नेतृत्व में चले विरोध प्रदर्शनों की उनकी भूमिका के लिए उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था।अथक संकल्प और आत्मविश्वासविनेश फोगाट की 30 वर्षीय उम्र में, उनके दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास ने उन्हें न केवल प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझने बल्कि कुश्ती के सबसे बड़े खेल में सफलता प्राप्त करने में भी मदद की। उनके ऑफ-फील्ड संघर्षों ने उन्हें मैट पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया।विनेश की लड़ाई और सफलताविनेश फोगाट ने कुश्ती के मैट पर और उससे बाहर दोनों ही मोर्चों पर लड़ाई लड़ी है। अपने गांव बलाली में शुरू होकर, उन्होंने कुश्ती को पुरुषों का खेल मानने वाले ग्रामीणों के विरोध से लेकर, अपने पिता की मृत्यु और शक्तिशाली महासंघ के अधिकारियों से भिड़ने तक की कठिनाइयों का सामना किया है। कुश्ती की विश्व संस्था ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए कहा, विश्वास करो, तुम उड़ सकते हो। और सचमुच, विनेश ने यह साबित कर दिया कि वह उड़ सकती हैं।

## टेबल टेनिश में सौम्यन लोमेश जुनेजा का शानदार प्रदर्शन




छिंदवाड़ा। स्टेट चैंपियनशिप इंदौर शहर मध्यप्रदेश स्टेट रैंकिंग में अभय प्रशाल में टेबल टेनिश मैच मे छिंदवाड़ा के सौम्यन लोमेश जुनेजा ने शानदार प्रदर्शन कर सेकंड रैंक हाशिल की है ये बचपन से ही खेल में रुचि रखते हैं होश संभाला तब से अपने पिता से इंस्पायर होकर खेलना आरम्भ किया है ये घर से काफ़ी दूर रहकर ट्रैनिंग ले रहे हैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अपने देश के लिए करना चाहते है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बैल की मृत्यु



**छिंदवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद जिला गौ रक्षा प्रमुख ऋषभ तिवारी ने बताया कि सोमवार रात्रि 12:15 बजे रामबाग निवासी रजत साहू से सूचना दी कि एक लावारिस बैल गंभीर अवस्था मे बीच रोड मे पड़ा हुआ है और वहा उपस्थित लोग बता रहे है की कोई पिकअप वाला उसको ठोकर मार कर भाग गया तब तत्काल विश्व हिंदू परिषद् के कार्यकर्ता ने डॉक्टर से संपर्क कर घटना स्थल पर बुला कर उपचार कराया तत्पचात मासूम बैल श्रावण सोमवार के दिन ही शांत हो गया फिर कुंडीपुरा थाना प्रभारी मनोज सिंह बघेल उनकी टीम की मदद से मृत बैल को रोड से साइड कर यातायात व्यवस्था दुरूस्त की गई और थाना प्रभारी ने अज्ञात वाहन को पकड़ने के लिए सीसीटीवी चेक करने के आदेश दिए इसके उपरांत नगर निगम की सहायता से बैल को जमुंझिरी पहुंचा कर मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया। विश्व हिंदू परिषद ने शासन से मांग की है कि जिले मे घूम रहे लावारिस पशुओं की जल्द से जल्द उचित व्यवस्था एवं गौशाला की भी व्यवस्था सही करवाई जाए, अन्यथाविश्व हिन्दू परिषद उग्र आंदोलन करेगा और इसका जिम्मेदार शासन, प्रशासन होगा।

## वार्ड क्रमांक 6 में शुरू हुआ सफाई अभियान

अमरवाड़ा। वार्ड क्रमांक 6 की महिला एवं पुरुषों ने मटन मार्केट के पास नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति नितिन तिवारी एवं पूर्व पार्षद पति राघवेंद्र राय से शिकायत की एवं अपने वार्ड में सफाई अभियान चलाने का अनुरोध किया जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने तुरंत सफाई करने एवं डस्ट डालने का आदेश दिया ।द्रष्ठ से रोड को समतल करवाया नाली की सफाई करने कर्मचारी दलबल के साथ स्वयं वहां पर पहुंचकर सामने से सफाई व्यवस्था को स्वयं की निगरानी में करवाया गया ।बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी सभापति राजकुमार बरकड़े एवं समस्त स्वच्छता अभियान कर्मचारी मौजूद रहेंगे ।

## विष्णुपुरी कोयला खदान में ठेका मजदूर की मौत

**शिवपुरी /परासिया।** परासिया पेंच एरिया की विष्णु पुरी भूमिगत कोयला खदान में सोमवार को काम करने के दौरान एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। तबियत बिगड़ने में साथी कर्मचारियों ने उसे खदान के बाहर लाकर जहां से उसे वाहन की मदद से केंद्रीय चिकित्सालय बड़कुही लाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सकों ने जांच उपरांत कामगार को मृत घोषित किया। शिवपुरी निवासी 51वर्षीय विपतलाल पिता माहूलाल डेहरिया विष्णुपुरी कोयला खदान में ठेका मजदूर था। जो सोमवार को अपने कार्य पर गया हुआ था। कार्य के दौरान खदान के भीतर उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर गया था। खान प्रबंधन द्वारा बताया जा रहा है कि मजदूर की तबीयत जब बिगड़ी तो उसे बड़कुही केंद्रीय चिकित्सालय ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई बड़कुही पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित किया।

## शा. मा. शाला शिवपुरी के जर्जर भवन का करवाया गया डिस्मेंटल

छिन्दवाड़ा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा सागर जिले में हुई घटना के दृष्टिगत जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने के दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा कल टी.एल.बैठक में जिले में जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर डिस्मेंटल करने के निर्देश दिये गये थे। इन निर्देशों के तारतम्य में सीईओ जनपद पंचायत परासिया सुश्री रश्मि चौहान के नेतृत्व में सचिव के माध्यम से जनपद पंचायत परासिया के शासकीय माध्यमिक शाला शिवपुरी के जर्जर भवन को डिस्मेंटल करवाया गया।

## खनिज रेत का अवैध उत्खनन पाये जाने पर 02 वाहन जप्त

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 5 अगस्त को रात्रि के समय 01 बजे खनिज अमले द्वारा तहसील तामिया के ग्राम कुंआबादला में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुये पाये जाने पर 02 वाहनों को जप्त कर थाना तामिया की शासकीय अभिरक्षा में खड़ा किया गया। इस कार्यवाही में सहायक खनि अधिकारी सुश्री स्नेहलता ठवरे, खनिज गार्ड श्री सरमन चौहान, श्री पवन खापरे, श्री रोहित परिहार एवं श्री दुर्गेश रिवारे शामिल थे।

## प्रत्येक गुरूवार को लगाए जाएंगे टीडी के टीके

**सांध्य प्रकाश, विदिशा।** विदिशा। स्वास्थ्य विभाग का डीपीटी/टीडी शालेय टीकाकरण 8 अगस्त से शुरू हो रहा है। प्रथम चरण में प्रत्येक गुरुवार को माइक्रो प्लान अनुसार शासकीय स्कूलों की कक्षा पांच एवं कक्षा ग्यारह में अध्यनरत सभी छात्र, छात्राओं को प्रोटोकाल अनुसार डीटी के टीके लगाए जाएंगे। सीएमएचओ डा. योगेश तिवारी ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को पत्राचार कर माइक्रो प्लान बनाकर शिक्षा विभाग और अन्य सहयोगी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। ये टीकाकरण प्रत्येक गुरुवार को होगा।

### कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की पहल

# पीजी कॉलेज में शुरु हुई पीएससी की कक्षाएं

### जनभागीदारी अध्यक्ष भारत घई और एडीएम बोपचे ने किया रोजगारोन्मुखी और पीएससी प्रशिक्षण का शुभारंभ






छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की पहल और निर्देशन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा.पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में पीएससी की निःशुल्क कक्षाएं आज से शुरू की गईं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत रोजगारोन्मुखी व्यक्तित्व विकास सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण और कलेक्टर छिंदवाड़ा की पहल पर जनभागीदारी समिति के संयुक्त तत्वाधान में एमपी पीएससी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ.नंदा हल्दे, जनभागीदारी समिति सदस्य अरुण गदरे, तरुण सोनी, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल डॉ.पी. एन. सनेसर, डॉ. टीकमनि पटवारी और महेंद्र साहू सहित लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यार्थियो का मार्गदर्शन करते हुए अपर कलेक्टर श्री बोपचे ने कहा कि कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार स्थानीय स्तर पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, प्राध्यापकों और विषय विशेषज्ञों के माध्यम से शासकीय पी.जी.कॉलेज छिन्दवाड़ा में प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है । वर्तमान में 250 विद्यार्थियों ने इन कक्षाओं के लिए पंजीयन करा लिया है। जिले का इच्छुक विद्यार्थी इन निःशुल्क कक्षाओं का लाभ उठा सकते हैं। पीएससी की ये कक्षाएं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शास.पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा के प्रथम तल में बने कॉन्फ्रेंस हॉल में सप्ताह में 3 दिन सोमवार, मंगलवार और बुधवार को प्रातः 9 से 11 बजे तक संचालित की जाएंगी। प्रो. डॉ. पी. एन. सनेसर को इन कक्षाओं के संचालन के लिए संयोजक बनाया गया है। इच्छुक विद्यार्थी डॉ. सनेसर से संपर्क कर इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपना पंजीयन करा सकते हैं। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भारत घई ने कहा की विद्यार्थियो के हित में जिला प्रशासन की ये पहल सराहनीय है। इसमें जनभागीदारी समिति द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा । साथ ही विद्यार्थियों के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी डॉ.पी.एन.सनेसर ने जानकारी देते हुये बताया कि इसके अंतर्गत साक्षात्कार कौशल, सही तरीके से रिज्यूम बनाना, औपचारिक पहनावा, भाषा कौशल आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा । स्नातक और पीजी कक्षाओं से लोकेश सनोडिया, अभिषेक साहू, दिव्या परिहार, मिताली ने इस पहल के लिये कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त किया।

# आरोग्य हॉस्पिटल ने मनाई छठीं वर्षगांठ, नए संकल्प के साथ सातवें वर्ष में प्रवेश




**छिंदवाड़ा।** आरोग्य हेल्थकेयर× मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना के 6 वर्ष पूरे कर 7 वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इस अवसर पर एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरोग्य हॉस्पिटल के संचालक दीपक खण्डेलवाल, श्रीमती पूजा खण्डेलवाल सीईओ जसबीर सिंह आहूजा, डॉ. महेश चंद्रकांतम, डॉ. निश्चल जैन सहित आरोग्य हॉस्पिटल का स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर दीपक खण्डेलवाल ने कहा कि हमने मात्र 10 बिस्तरों के हॉस्पिटल की शुरुआत कर एक संघर्षपूर्ण सफर शुरू किया था, आज हम 50 बिस्तरों की क्षमता प्राप्त कर चुके हैं और जल्दी ही 100 बिस्तर के हॉस्पिटल में उन्नत होने के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। श्री खण्डेलवाल ने कहा कि आज आरोग्य हॉस्पिटल एक ब्रांड बना है तो इसके पीछे आप सभी स्टाफ के साथियों की निरंतर अथक मेहनत है। हम सभी को इसे निरंतर कायम रखना है। आगे दीपक सर ने कहा कि किसी भी हॉस्पिटल के कर्मचारियों के मन में सेवा का भाव होना सबसे आवश्यक है और हमारे स्टाफ के मन में सेवा के भाव की कभी कोई कमी नजर नहीं आई। पहले दिन से ही हॉस्पिटल में कार्यरत लोगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज हमारी छठवीं वर्षगांठ के अवसर पर केक भी उन साथियों द्वारा काटा जाएगा जो हमारे साथ आरोग्य हॉस्पिटल की शुरुआत से ही साथ में हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सीईओ श्री जसबीर सिंह आहूजा ने कहा कि हमारी टीम के प्रयास हॉस्पिटल को आज इस मुकाम तक ले आए हैं कि हम शीघ्र ही अपने अगले लक्ष्य को हासिल करने की स्थिति में आ पहुंचे हैं।डॉ. महेश चंद्रकांतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस सपने को लेकर मैं छिंदवाड़ा आया था उसे सरकारी क्षेत्र के एक बहुत बड़े हॉस्पिटल में पूरे होने की संभावना नजर नहीं आने पर मैंने आरोग्य हॉस्पिटल जॉइन किया और मेरे सपने अब यहां पूरे कर रहा हूं। डॉ. महेश ने आगे कहा कि हमारी टीम चेन्नई और देश के अन्य बड़े शहरों के हॉस्पिटल स्टाफ की तुलना में कहीं भी पीछे नहीं है। कार्यक्रम में डॉ. निश्चल जैन ने कहा कि हमारा हॉस्पिटल और हमारी टीम छिंदवाड़ा में सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने शीघ्र ही आरोग्य हॉस्पिटल में दो और नई डायलिसिस मशीनें आने की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन सेवा के संकल्प और नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए निरंतर अथक परिश्रम के संकल्प के साथ हुआ।

## देश के लिए मॉडल बना पर्यटन ग्राम सवारवानी

### छत्तीसगढ़, तेलांगना सहित प्रदेश के कई जिलों से होम स्टे देखने आ रहे एक्सपोजर दल



छिन्दवाडा। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम सवारवानी ने एक और खिताब अपने नाम कर लिया है। यहाँ के होम स्टे को टूरिज्म बोर्ड ने मॉडल बनाया है। अब देश के अन्य राज्यों और प्रदेश के अन्य जिलों में बनने वाले होम स्टे के धारक सवारवानी में बने होम स्टे और यहां पर्यटकों को दी जा रही सुविधाओं को देखने आ रहे हैं। देश के दो राज्यों छत्तीसगढ़ और तेलांगना से आए होम स्टे धारक हाल ही में पर्यटन ग्राम सवारवानी की विजिट करके जा चुके हैं। मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के धूसावानी के होम स्टे संचालक तीन दिवसीय प्रशिक्षण पर सवारवानी पहुंचे हैं। सहयोगी संस्था सतपुड़ा सेल्फ रिलायंट फॉर्मर के साथ रिस्पांसिबल ग्राम अंचल पर्यटन जागरूकता समिति धूसावानी के सदस्यों ने सवारवानी में चल रही एक्टिविटी देखी और यहां रुके पर्यटकों से बातचीत की। अब तक मध्य प्रदेश के खरगौन, छतरपुर, बालाघाट, बैतूल, नर्मदापुरम व अन्य जिलों से कई एक्सपोज़र दल सवारवानी की तीन-तीन दिन की विजिट कर चुके हैं और यहां बने होम स्टे, पर्यटकों को दिए जाने वाले भोजन, सुविधाओं और अन्य गतिविधियों को देख चुके हैं। अब यह दल अपने गांव में बनने वाले होम स्टे को सवारवानी मॉडल जैसा बनाएंगे ताकि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिले और पर्यटक स्वयं को सुरक्षित भी महसूस करे। अन्य प्रदेशों व प्रदेश के अन्य जिलों के होम स्टे धारकों को सवारवानी मॉडल दिखाने के पीछे मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की रिस्पांसिबल टूरिज्म की अवधारणा भी है। जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत ने बताया कि कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में पर्यटन ग्राम सवारवानी में कई विकास कार्य चल रहें हैं। गांव में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस पर खास फोकस दिया गया है। पर्यटकों को विभिन्न एक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला प्रशासन, विलेज वेज संस्था और पर्यटन विकास समिति सवारवानी के सामूहिक प्रयासों से अब एक भी दिन ऐसा नहीं जाता जब देश या विदेश के पर्यटक सवारवानी में न हों। सवारवानी में कभी एक-कभी दो-चार और कभी पूरे होम स्टे पर्यटकों से गुलजार रहते हैं।

## ठेल नदी के पुल में हो गए बड़े-बड़े गड्ढे, वाहन गुजरने से पुल में होता है कंपन

### गड्ढे की वजह से प्रतिदिन हो रहे सड़क हादसे



अमरवाड़ा। हरई मार्ग में स्थित ठेल नदी मैं बने हुए बड़े-बड़े गड्ढे बड़ी दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं यह ब्लैक स्पॉट भी है जहां पर सड़क हादसे होते रहते हैं लेकिन इन गड्ढे की मरम्मत नहीं की जा रही है जिसका खामियाजा यहां से निकलने वाले लोगों को होता है पुल के ऊपर गड्ढे हैं और गढ़ों पर पानी भरा रहता है जिसके कारण वाहन चालकों को भी स्थिति समझ में नहीं आती है और गड्ढे पर से कोई गाड़ी गुजरती है तो पूरे पुल में कंपन होने लगता है कई बार नेशनल हाईवे के संबंधित अधिकारियों से समस्या के बारे में अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया है वहीं इसी मार्ग से अभी हाल ही में संपन्न हुए उप चुनाव के दौरान कई बड़े नेता का आना-जाना लगा रहा और छिंदवाड़ा कलेक्टर सहित तमाम अधिकारी भी इसी मार्ग से निकले थे लेकिन उन्हें शायद गड्ढे दिखाई नहीं दिए जिस वजह से लोगों में आक्रोश व्याप्त है उन्होंने संबंधित अधिकारियों से गड्ढे की मरम्मत करने की मांग की है।

## छिंदवाड़ा-उज्जैन-इंदौर बन्दे भारत ट्रेन चले



**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा से उज्जैन -इंदौर बन्दे भारत ट्रेन चलाई जानी चाहिये बन्दे भारत ट्रेन सुबह छिंदवाड़ा से छूटे और रात में छिंदवाड़ा वापस आये।

छिंदवाड़ा से पेंचव्हेली रात में चलती है, जिसे 14 घंटे लगते है। छिंदवाड़ा इन्दौर 554 किलो मीटर है। छिंदवाड़ा-इन्दौर से व्यवसायिक संबंध है। 554 किलोमीटर में 8 घंटेसे ज्यादा लगना नहीं चाहिये। उज्जैन होते हुये चलने से महाकाल के दर्शन आसान हो जावेगें जिले की जनता ने लोकसभा में ऐतिहासिक परिवर्तन किया है। रेल मंत्रालय को अभी तक घोषणा कर देना चाहिये। सांसद विवेक साहू ने इस संबंध में रेल मंत्री से चर्चा भी की। इसी तरह छिंदवाड़ा-इन्दौर हवाई जहाजभी चलना चाहिये। क्षेत्रीय जनता कई दिनों से मांग कर रही है।

## सिवनी-छिंदवाड़ा बैतूल को हाईवे बनाने की मांग किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री संजय सक्सेना ने की



छिंदवाड़ा। भाजपा नेता व किसान संघ के संजय सक्सेना प्रदेश मंत्री ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सिवनी-छिंदवाड़ा बैतूल खण्डवा खरगोन हाईवे व ओद्यौगिक कारीडोर बनाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने बालाघाट में बालाघाट लखनादौन को फोर लाईन बनाने की घोषणा की है। इसी तरह सिवनी छिंदवाड़ा-बैतूल को हाईवे घोषित करें।

## सुश्री अनुसुइया उइके छिंदवाड़ा पहुंची



**छिंदवाड़ा।** मणिपुर की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके का कार्यकाल पूर्ण होने पर आज छिंदवाड़ा पहुंची। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें सर्किट हाऊस में सलामी दी गई जिसमें पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, एस.डी.एम सुधीर जैन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सुश्री उईके छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की राज्यपाल रही, उनका कार्यकाल कुशलता पूर्वक सफल रहा।

## जन सेवा मित्रों की बहाली और रोजगार प्रदान करने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** मंगलवार को मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रो ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर अपनी मांगों के लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया है कि 1 फरवरी 2023 को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 9300 मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र एवं छिंदवाड़ा जिले में 330 जन सेवा मित्र सभी ब्लॉक में 30-30 जन सेवा मित्र नियुक्त किए गए थे। जिनका कार्य पंचायत स्तर पर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की समस्त योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने एवं पात्र हितग्राहियों को संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर लाभान्वित करने का कार्य किया जाता था, जिसके फलस्वरूप माननीय केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री रहते हुए आश्वासन दिया गया था की आपका कार्य लगातार जारी रहेगा एवं यूथ महापंचायत में घोषणा की गई थी की स्वामी विवेकानन्द युवा अनुसंधान केन्द्र का संचालन सीएम फेलो एवम मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र द्वारा किया जायेगा। लेकिन किसी कारण वश हमे 31 जनवरी 2024 से शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने हेतु किसी भी प्रकार का आदेश प्राप्त नहीं हुआ, न ही हमारा वेतन प्राप्त हुआ। समस्त मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रो ने मुखमंत्री से मांग की है की मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रो की बहाली कर रोजगार प्रदान किया जाए, एवम स्वामी विवेकानंद युवा अनुसंधान केन्द्र के संचालन एवं पंचायत स्तर के विकास में सहभागी बनाए रखें।

## गरीबों को भोजन कराकर मनाई पूर्व सांसद सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि




सांध्य प्रकाश, विदिशा। पूर्व सांसद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की पांचवी पुण्यतिथि मंगलवार को दीपक तिवारी मित्र मंडल द्वारा मानव सेवा न्यास विदिशा में गरीबों को भोजन कराकर समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई।

पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज कटारे द्वारा दीदी को याद कर उनकी द्वारा किए गए विकास कार्य को गिनाया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। दीपक तिवारी ने उनके साथ अपने संस्मरण बताएं। इस अवसर पर सुरेश मालवीय, पवन सोनी, मुकेश राठोर, महेश सोनी, कमलेश मालवीय, नितिन सुराणा, जगदीश सोनी, गोपाल पाठक, लियाकत खान, बृजेश कुशवाह, देवेंद्र तोमर, पप्पू सरदार, राजू जाट, अमित दंडोतिया, राजकुमार नेमा, संजू प्रजापति, गोपाल खंडेलवाल, विकास सरकार, महेश बैरागी, अभिषेक गुलाटी, महेंद्र सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्कूल में मिली खामियों को जल्द दूर करने के दिए निर्देश

# विधायक मुकेश टंडन ने रायपुरा स्कूल का किया निरीक्षण

सांध्य प्रकाश, विदिशा। मंगलवार को विदिशा विधायक मुकेश टंडन मुखर्जी नगर रोड स्थित रायपुरा स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। विधायक जब स्कूल पहुंचे तब बच्चे वहां मौजूद थे, लेकिन शिक्षक समय पर नहीं आए थे। विधायक ने बच्चों के साथ प्रार्थना कराई। उसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी को भी मौके पर बुलाया गया। समय पर न आने वाले शिक्षकों को हिदायत देते हुए समय पर आने को कहा गया। वहीं स्कूल के निरीक्षण के दौरान एक कक्ष जो क्षतिग्रस्त था वहां विद्यार्थियों को बैठने पर पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया। विधायक ने बताया कि स्कूल के नजदीक ही एक नाला है, जिसकी वजह से यहां जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। उसको लेकर नगर पालिका के जिम्मेदार को बुलाकर व्यवस्था करने को कहा गया है। साथ ही साथ जल भराव के बाद यहां खरपतवार से बीमारी न हो उसको लेकर भी



साफ-सफाई करने को कहा गया है। इस मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी राम ठाकुर ने भी कहा कि शिक्षकों को हिदायत देते हुए समय पर आने के लिए कहा गया है। दूसरी बार यदि इस प्रकार की गलती पाई गई तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एनके त्रिपाठी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार मधुकर द्विवेदी विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने विचार व्यक्त किये। उनका अभिनंदन किया गया।



आज महापौर श्रीमती मालती राय कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की वीडियो कान्फ्रेंसिंग की बैठक में सम्मिलित हुईं। बैठक में 9 से 15 अगस्त तक तिंरगा अभियान पखवाड़ा के तहत हर घर तिंरगा अभियान से संबधित चर्चा हुई। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नवरंग गुर्जर, पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी, निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह एवम अधिकारी गण उपस्थित रहे।



लेखक प्रलय श्रीवास्तव ने आज भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवान दास सबनानी को अपनी दूसरी पुस्तक अभिव्यक्ति के चार दशक की प्रति एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।




## रवींद्रनाथ टैगोर (पुण्यतिथि)

रवींद्रनाथ टैगोर की आज पुण्यतिथि है वे एक बहुत बड़े महान कवि, भारतीय राष्ट्रगान के रचयिता और संगीत-साहित्यिक सम्राट थे. उन्होंने अपने जीवन में 2000 से ज्यादा गीत लिखे।

**3 देशों का लिखा राष्ट्रगान**

रविंद्र नाथ टैगोर ने भारत के साथ-साथ कई और देशों का राष्ट्रगान लिखा था. जिसमें भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका है. सिर्फ टैगोर ही ऐसे कवि हैं जिनके द्वारा लिखें राष्ट्रगान को इतना ज्यादा पसंद किया गया कि वहां के देशों ने इसे अपना राष्ट्रगान बना लिया. भारत का राष्ट्रगान 'जन गण मन' और बांग्लादेश का राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' टैगोर ने लिखा हैं. वहीं बात श्रीलंका की करें तो वहां के राष्ट्रगान का एक हिस्सा भी टैगोर की कविता से लिया गया है।

## हमीदिया कन्या पाठशाला की 22 फीट ऊंची जर्जर दीवार को गिराया



**भोपाल।** पुराने शहर में स्थित हमीदिया कन्या विद्यालय की दीवार को मंगलवार को नगर निगम ने गिरा दिया है। जानकारी के अनुसार कन्या पाठशाला की 22 फीट ऊंची यह दीवार बीते छह वर्ष से जर्जर हो रही थी। वह सड़क तरफ पूरी तरह से झुक गई थी। इससे दीवार गिरने के कारण कभी भी हादसा हो सकता था। यह दीवार सड़क से गुजरने वाले लोगों और स्कूल की छात्राओं व स्टाफ के लिए भी खतरा साबित हो सकती थी। इसी के चलते इस दीवार को मंगलवार को नगर निगम द्वारा गिरा दिया गया है।

यहां पर यह बता दें कि दीवार को स्कूल प्रबंधन दो वर्ष पहले ही जर्जर घोषित कर चुका था। बताया जा रहा है कि जब यह दीवार झुकना शुरू हुई थी, तब पीडब्ल्यूडी ने इसकी जांच भी की थी। इस पर नोटिस भी लगाया कि यह दीवार खतरनाक है। इसके अलावा स्कूल की एक अन्य दीवार भी सड़क की तरफ है, जो पिछले एक वर्ष से सड़क की और झुक रही है। एसडीएम शहर लक्ष्मीकांत खरे ने बताया कि स्कूल की दीवार जर्जर हो चुकी थी। जो कि खतरनाक साबित हो सकती थी। नगर निगम द्वारा दीवार को गिराया गया है। यहां पर यह बता दें कि जिस भवन में हमीदिया कन्या पाठशाला का संचालन होता है, उसका निर्माण शाहजहां बेगम के कार्यकाल में वर्ष 1870 में कराया गया था। पहले इस हुमायूं मंजिल कहा जाता था। यहां पर शमला परिवार रहा करता था, यह परिवार जब शमला कोठी चला गया, उसके बाद यहां पर स्कूल शुरू हुआ। इस स्कूल में फिलहाल करीब 225 छात्राएं अध्ययनरत हैं

# मप्र: 4 जिलों में बारिश का अलर्ट, सीजन का 65 % कोटा पूरा

**भोपाल।** मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से एमपी के कुछ जिलों में तेज बारिश का दौर जारी रहेगा। जबलपुर समेत 4 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। कुछ जिलों में कल से तेज बारिश का दौर फिर शुरू होगा। प्रदेश में अब तक सीजन की 65% यानी 24.5 इंच बारिश हो चुकी है। जबलपुर संभाग में सबसे ज्यादा बरसात हुई। मंडला और सिवनी में आंकड़ा 35 इंच पार हो चुका है। वहीं, रीवा संभाग के जिले पीछे चल रहे हैं।

आईएमडी भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि मानसून ट्रफ ग्वालियर होकर बंगाल की खाड़ी की ओर जा रही है। बंगाल के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। इस वजह से कुछ जिलों में बारिश का दौर रहेगा।

इस बार प्रदेश में मानसून की एंट्री 21 जून को हुई थी। इसके अगले एक सप्ताह में पूरे प्रदेश में मानसून छा गया। डेढ़ महीने में प्रदेश में अच्छी बारिश हुई है। इससे ढाई महीने का कोटा भी पूरा हो गया है। प्रदेश में अब तक 20.5 इंच बारिश होनी चाहिए, लेकिन औसत 24.5 इंच बारिश हो चुकी है। यानी, 4 इंच बारिश ज्यादा हो चुकी है।

प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से भारी बारिश का दौर चल रहा था, जो मंगलवार को थम गया। भोपाल, धार, इंदौर, खंडवा, उज्जैन, छिंदवाड़ा, नौगांव, सागर में हल्की बारिश दर्ज की गई। भोपाल में दिन में तेज धूप भी निकली। इससे दिन का पारा 30.2 डिग्री दर्ज किया गया। दूसरी ओर, भोपाल के कलियासोत, भदभदा, भोपाल के पास कोलार समेत प्रदेश के सभी बड़े डैमों के गेट भी बंद कर दिए गए। बारिश होने के बाद फिर से पानी छलकने लगेगा।जबलपुर संभाग के सभी जिलों में अच्छी बारिश हुई है। मंडला में 37.19 इंच पानी गिर चुका है, जो प्रदेश में सबसे अधिक है। सिवनी में 35 इंच, छिंदवाड़ा-डिंडौरी में 30 इंच से अधिक, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर और बालाघाट में 26 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। भोपाल संभाग के जिलों में भी अच्छी बारिश हुई। दूसरी ओर, रीवा संभाग सबसे पीछे है।



## केरवा डैम छलका, अब सिर्फ 2 फीट खाली है डैम

तेज बारिश से भोपाल का केरवा डैम छलक उठा है। इसमें 8 गेट है, जो ऑटोमैटिक है। हालांकि, यह 2 फीट खाली है लेकिन गेट के ऊपर से पानी बहने लगा है। जैसे ही तेज बारिश होगी, गेट खुल जांएगे। भदभदा, कोलार और कलियासोत डैम के गेट पहले ही खुल सकते हैं। अब सिर्फ केरवा के गेट खुलने का इंतजार है। केरवा डैम में पानी का फुल टैंक लेवल 1673 फीट है। इसमें अब तक 1670.83 फीट जमा है। डैम के कैचमेंट एरिया में दो दिन से बारिश नहीं हुई है। इस कारण यह पहले नहीं भर पाया है, जबकि पिछले साल भदभदा डैम से पहले भर गया था। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक भोपाल और सीहोर में तेज बारिश होने का अलर्ट जारी नहीं किया है। ऐसे में केरवा डैम के गेट खुलने की संभावना कम ही है।

**भोपाल में 32 इंच से ज्यादा बारिश हुई**

भोपाल की सामान्य बारिश 37.6 इंच है। इसके मुकाबले अब तक 32.65 इंच पानी गिर चुका है। यानी, सीजन की 87 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। यह पिछले साल से ज्यादा है। पिछले साल पूरे सीजन में 30.9 इंच पानी ही गिरा था। अगस्त के महीने में भोपाल में एवरेज 14 दिन बारिश होने का ट्रेंड है। इस महीने 13 इंच पानी बरसता है। इस बार शुरुआती 4 दिन तक तेज बारिश हुई है, जबकि पांचवें दिन हल्की बारिश हुई। अगस्त के कोटे की अब तक आधी बारिश हो चुकी है।

**इस बार 106 प्रतिशत बारिश का अनुमान**

भोपाल में इस साल सामान्य से 106प्रतिशत बारिश होने का अनुमान है। हालांकि, डेढ़ महीने में जितनी बारिश हुई है, उससे लगता है कि अबकी बार 50 प्रतिशत तक बारिश ज्यादा हो सकती है। आंकड़ा 45 इंच तक पहुंच सकता है। पिछली बार 18प्रतिशत कम यानी, 82प्रतिशत (30.9 इंच) बारिश हुई थी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अबकी बार भोपाल में 23 जून को मानसून एंटर हुआ था। तभी से तेज बारिश हो रही है।

# शिवपुरी में देश की पहली 3 जनमन आवास कॉलोनी तैयार

## पंचायत मंत्री पटेल बोले-उद्घाटन के लिए गृहप्रवेश नहीं रोका जाएगा, घर रेडी होते ही पजेशन





**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी को पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान) योजना के तहत विशेष पिछड़ी सहरिया जनजाति के लिए शहर की तरह सर्वसुविधायुक्त आवास बनाने के लिए पहली किश्त जारी की थी। मप्र के शिवपुरी जिले में सहरिया आदिवासियों के लिए बन रहे जनमन आवास तैयार हो रहे हैं।

इस योजना से बन रहे आवासों के उद्घाटन को लेकर पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा जनमन योजना से जैसे-जैसे आवास बनते जा रहे हैं लोग पजेशन लेते जा रहे हैं। बड़ी संख्या में आवास बने हैं ये गर्व की बात है। उद्घाटन के चक्कर में किसी का गृह प्रवेश नहीं रोका जाएगा। जो आवास बनते जाएंगे उसमें लोग शामिल होते जा रहे हैं।

**भविष्य में अध्ययन के लिए बेहतर होगी ये योजना**

प्रहलाद पटेल ने भास्कर से कहा- इस योजना में जनजातीय वर्ग को सहयोग मिल रहा है उनकी आदत में यह बात आ रही है। ये उनका स्वभाव नहीं था। मुझे लगता है ये भविष्य में ये अध्ययन करने के लिए बेहतरीन होगा। और इसका अध्ययन करने के बाद नए सिरे से चीजों को आगे बढ़ाएंगे।

शिवपुरी जिले में अब मक 40996 हितग्राहियों का सर्वे करने के बाद 34946 हितग्राही रजिस्टर्ड किए गए हैं। इनमें से 24552 हितग्राहियों के आवास स्वीकृत कर 18467 हितग्राहियों को आवास की पहली किश्त के तौर पर 50-50 हजार रुपए जारी किए जा चुके हैं। शिवपुरी जिले में सहरिया जनजाति बहुल गांवों में कॉलोनी की तरह आवास बनाए जा रहे हैं। शिवपुरी जिले में सहरिया बहुल आठ गांवों में सहरिया कॉलोनियां बनाई जा रहीं हैं जिनमें से 3 कॉलोनियों बनकर तैयार हो गईं हैं। बाकी गांवों में हितग्राही खुद की जमीन पर आवास बना रहे हैं।

**मात्र 29 दिनों में बनकर तैयार हुआ पहला आवास**

पीएम जनमन योजना शुरु होने के बाद मात्र 29 दिनों में शिवपुरी जिले के कलोथरा गांव में देश का पहला आवास बनकर तैयार हो गया था। भागचंद्र आदिवासी का पहला आवास बनकर तैयार हुआ था।

हातौद में बनी देश की पहली कॉलोनी

पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत विशेष पिछडी जनजाति के लिए देश की पहली कॉलोनी शिवपुरी जिले की हातौद में बनकर तैयार हो गई है। हातौद में 75 आदिवासियों के लिए 19 आवास तमाम सुविधाओं से युक्त बनकर तैयार हो चुके हैं। इस कॉलोनी का नाम शहीद तिलखा मांझी कॉलोनी रखा गया है।

शिवपुरी जिले के ही ग्राम डबिया में दूसरी कॉलोनी बनाई गई है। इस कॉलोनी में 99 आदिवासियों के लिए 28 आवास बनाए गए हैं। शिवपुरी जिले के ही कोटा गांव में 90 आदिवासियों के लिए 18 आवासों की कॉलोनी बनकर तैयार हो गई है।

**आदिवासियों की आदत में आ रहा बदलाव**

पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल कहते हैं कि इस योजना से आदिवासी वर्ग की रहन-सहन की आदतों में बदलाव आ रहा है। वे जंगल, मैदानी इलाकों में दूर-दूर झोपड़ी बनाकर रहते थे। लेकिन इस योजना से कॉलोनी बनाकर एक साथ समूह में रहने लगे हैं।

## भोपाल में शराब कारोबारी से बंदूक की नोक पर 15 लाख रुपये की लूट

भोपाल। शहर के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में स्थित रचना नगर में एक शराब कारोबारी के ऑफिस में घुसकर दो अज्ञात बदमाशों ने 15 लाख रुपये की लूट कर दी।

बदमाश हथियारों से लैस थे, जिन्होंने ऑफिस में प्रवेश करने के बाद शराब कारोबारी पर बंदूक तान दी और अलमारी में रखी नकदी लेकर फरार हो गए। लूट की यह घटना बिल्डिंग के कॉरीडोर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना मिलने के बाद गोविंदपुरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से मिले हुलिए के आधार पर अज्ञात बदमाशों की तलाश कर रही है।

## बुधनी और विजयपुर उप चुनाव की तैयारी में भाजपा, बूथवार वोट प्रतिशत बढ़ाने पर होगा फोकस



भोपाल। मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर विजय के बाद अब भाजपा बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीटों पर उप चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इन दोनों ही सीटों पर भाजपा ने प्रभारी और सह प्रभारी बना दिए हैं। अब भाजपा का फोकस बूथवार वोट प्रतिशत बढ़ाने पर हैं।

दोनों सीटों पर प्रत्याशी चयन को लेकर नामों का पैनल बनाया जा रहा है। इसके लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी डा. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बैठक करके प्रत्याशी के लिए संभावित नामों पर विचार-विमर्श किया। हालांकि केंद्रीय नेतृत्व ही नाम पर विचार कर अंतिम निर्णय लेगा, लेकिन विजयपुर विधानसभा सीटों पर अमरवाड़ा फार्मूला ही लागू होगा और भाजपा इस सीट पर कांग्रेस से आए विधायक रामनिवास रावत को ही प्रत्याशी बनाएगी। श्योपुर जिले के विजयपुर से विधायक रहे रावत ने मंत्री बनने के बाद विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अब यहां जल्द ही उपचुनाव होना है।

**बीना में उपचुनाव के लिए अभी वक्त** सागर के बीना विधानसभा सीट से विधायक निर्मला सप्रे ने भाजपा ज्वाइन करने के बाद अब तक इस्तीफा नहीं दिया है। वह भी जल्द ही इस्तीफा देंगी। इस सीट के रिक्त होने से उप चुनाव ने भाजपा निर्मला सप्रे को ही प्रत्याशी बनाने पर विचार कर रही है।

